हरिभूमि
रायपुर भूमि



जोरदार वर्षा के साथ छत्तीसगढ़ के ऊपर पहुंचा सिस्टम, अब गतिविधि में कमी के आसार

# पहली बड़ी बारिश ने दस साल का तोड़ा रिकार्ड
# 24 घंटे में रायपुर में बरसा 118 मिमी पानी

### शहर में दस साल में सितंबर की बारिश

| तारीख | वर्षा मिमी. में |
|---|---|
| 21 सितं. 2014 | 64.1 |
| 17 सितं. 2015 | 80.2 |
| 30 सितं. 2016 | 72.5 |
| 19 सितं. 2017 | 67.8 |
| 3 सितं. 2018 | 23.7 |
| 26 सिंत. 2019 | 69.3 |
| 6 सितं. 2020 | 29.2 |
| 14 सितं. 2021 | 101.4 |
| 29 सितं. 2022 | 65.0 |
| 15 सितं. 2023 | 109.8 |
| 9 सितं. 2024 | 118.4 |

### रायपुर जिले के स्टेशनों में बारिश

मौसम विभाग के अनुसार रायपुर जिले के लभांडी में 121.8 मिमी. बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा अभनपुर में 42.2, आरंग में 87.7, धरसींवा में 70.7, गोबरा-नवापारा में 70.9, खरोरा में 72.2, माना में 81.4, मंदिर हसौद में 48.3 तथा तिल्दा में 95.1 मिमी. बरसात हुई है। जिले में अब तक 910.3 मिमी. बारिश दर्ज की जा चुकी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के तटीय इलाके में आने के बाद शहर में हुई सीजन की पहली बड़ी बारिश ने पिछले दस साल का रिकार्ड को तोड़ दिया है। सोम और मंगल की दरम्यानी रात से शुरू हुई वर्षा का दौर सुबह तक जारी रहा और आंकड़ा 118 मिमी. तक पहुंच गया। इस वर्षा के साथ प्रदेश में आंकड़ा 1110 मिमी. तक पहुंच गया है, जो औसत वर्षा 1142 से केवल 32 मिमी. कम है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार इस सीजन में जुलाई के अंतिम दिनों में 72 मिमी. बारिश हुई थी, जो सबसे अधिक थी। इसके बाद अगस्त में बादल इतना नहीं बरसे थे। सितंबर में बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात को देखते हुए प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान जताया गया था, जो सही साबित हुआ। पिछले दो दिनों से प्रदेश में वर्षा की गतिविधि जारी थी और पिछले चौबीस घंटे में बादलों ने 118 मिमी. बरसकर शहर के पिछले दस साल के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया है। शहर में शाम होने के बाद छाए काले बादलों ने बरसना शुरू किया, कुछ देर के ब्रेक के बाद रात्रि बारह बजते ही जमकर गर्जना से साथ बारिश का दौर शुरू हुआ, जो मंगलवार की सुबह नौ बजे तक जारी रहा। विशेषज्ञों के अनुसार सिस्टम आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ और उससे लगे पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर पहुंच गया है, जिसकी वजह से बुधवार को मानसून की गतिविधि में कमी आने की संभावना बन रही है, कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार बने हुए हैं।

### चार डिग्री तक लुढ़का तापमान



बारिश नहीं होने की वजह से पिछले कुछ दिनों से शहर में भारी उमस की स्थिति बनी हुई थी और लोग इससे खासे हलाकान हो रहे थे। तापमान सामान्य से ज्यादा होकर 33-34 डिग्री तक पहुंच गया था। पिछले चौबीस घंटे में हुई बारिश के बाद मौसम में ठंडकता लौटी। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से करीब चार डिग्री कम होकर 27.3 तक पहुंच गया। बारिश की गतिविधि में कमी आने की वजह से अगले चौबीस घंटे में इसमें वृद्धि होने की संभावना है।

REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-11/09/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065



# सड़कें ही नहीं डूबीं, घर के किचन-हॉल तक पहुंचा पानी
# अंडरब्रिज लबालब, डूमरतराई में गिर गए तीन कच्चे मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में सोमवार रात गरज-चमक के साथ हुई तेज मूसलाधार बारिश से दर्जनों बस्तियों में नाली व नाले का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क से होते हुए लोगों के घरों तक जा घुसा। किचन से लेकर बेडरूम और बरामदा में घुटनाभर पानी भरने से लोग परेशान रहे। वहीं कई घरों में चूल्हे नहीं जले। लोगों ने किसी तरह रात बिताई। आनंद विहार कालोनी, कुशालपुर के प्रोफेसर कालोनी गली नंबर 1, 4, 5, शीतला कालोनी गली नंबर 3, तिरंगा चौक, बंजारी नगर, आदिवासी कालोनी, तुलसी नगर, तरुण नगर, पीयूष नगर, दंतेश्वरी नगर, तेरा पैसा ▶▶| शेष पेज 13 पर

- प्रोफेसर कालोनी, शीतला कालोनी गली नं 3, बंजारी नगर सहित दर्जनभर बस्तियों में जलभराव
- मोवा के आत्मानंद स्कूल, गुढ़ियारी के पुराना अंडरब्रिज, नए अंडरब्रिज में घुटनेभर पानी
- निगम आयुक्त, वार्ड पार्षद ने किया जलभराव क्षेत्र का निरीक्षण, लंच पैकेट पहुंचाए



### डूमरतराई में 3 कच्चे मकान ढहे, जनहानि नहीं

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र के बाबू जगजीवन राम वार्ड के डूमरतराई बस्ती में सोमवार की रात तेज बारिश से 3 कच्चे मकान ढह गये। इसमें ▶▶| शेष पेज 13 पर

### तहसील एवं कलेक्टोरेट गॉर्डन में भरा पानी



मूसलाधार बारिश से तहसील कार्यालय और कलेक्टोरेट गॉर्डन भी बच नहीं पाया। इन दोनों स्थानों पर भी मंगलवार को जलभराव की स्थिति बनी रही। तहसील कार्यालय का अंदर परिसर पूरी तरह बारिश के पानी से डूबा रहा। हालांकि कार्यालय परिसर में बने कमरों के बाहर बरामदे में चलने की जगह होने के कारण जलभराव के कारण लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई। लोगों ▶▶| शेष पेज 13 पर

### दर्जनों बस्तियों में सुबह नहीं जले चूल्हे



बारिश का पानी घर में घुसने के बाद परेशान परिवार पानी निकालने में जुटा रहा।



अंडरब्रिज में तालाब जैसा माहौल। पानी भरे रास्ते पर आवाजाही करने में हुई दिक्कत।



बरसाती पानी से बाजार की सड़कें लबालब रहीं। कारोबारी और खरीदार बेहद परेशान रहे।



## खबर संक्षेप



### मंत्री नेताम ने किया समस्याओं का त्वरित निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में मंगलवार को प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने उपस्थित रहकर काफी संख्या में आए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के आवेदन प्राप्त हुए। मंत्री श्री नेताम ने इनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और शेष आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मंत्री श्री नेताम के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा भी उपस्थित थे।

### बहादुर वनकर्मियों और पर्यावरण संरक्षकों के बलिदान को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर बहादुर वनकर्मियों और पर्यावरण संरक्षकों के बलिदान को नमन किया है। वन शहीदों के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय वन शहीद दिवस हर साल 11 सितंबर को वनों तथा वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु अपने जीवन का बलिदान करने वाले बहादुर वनकर्मियों और पर्यावरण संरक्षकों की याद में मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के बिश्नोई समाज द्वारा पेड़ों की कटाई के विरोध में अपने प्राणों की आहुति और पर्यावरण संरक्षण के लिए शहीद हुए लोगों की विरासत को सम्मान देने के लिए राष्ट्रीय वन शहीद दिवस की शुरुआत की गई।

### बंगले से सामान गायब पूर्व मंत्री डहरिया पर आरोप

**रायपुर।** सी-2 बंगले से कई सामान गायब होने के मामले को लेकर शिकायतकर्ता राजकुमार मिश्रा ने शुक्रवार को सिविल लाइंस थाने पहुंचकर अपना बयान दर्ज कराया। इस मामले की जानकारी आरटीआई के जरिए पीडब्ल्यूडी विभाग से मांगी गई थी, जिस पर विभाग ने भी कई सामान गायब होने की बात कही है। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, यह बंगला तत्कालीन मंत्री डॉ. शिव डहरिया को अलॉट था, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद जब यह बंगला मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को अलॉट किया गया तो वहां से कई सामान गायब मिले।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 21 को

**रायपुर।** आगामी नेशनल लोक अदालत 21 सितंबर को आयोजित है। मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने सभी न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया कि जिस गति से न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है।

# कुत्तों के काटने से राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग भी चिंतित, कहा- जहां खेल मैदान हो, वहां न डालें खाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहरों से लेकर गांवों तक में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसे लेकर अब राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग भी चिंतित है। आयोग ने बच्चों पर आवारा कुत्तों के हमले रोकने और सुरक्षा के उपाय जुटाने के संबंध में सिफारिशें की हैं। आयोग ने कहा है कि खेल मैदानों के आसपास कुत्ते को खाना खिलाने पर रोक लगाई जानी चाहिए।

दरअसल यह बात कुत्ते को खिलाने का विनियमन में पशु जन्म नियंत्रण (एसीबी) में भी कही गई है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजे गए पत्र में बच्चों पर आवारा कुत्तों के हमलों को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों के तत्काल क्रियान्वयन के संबंध में अपने अधिदेश के तहत बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीपीआरसी) अधिनियम के तहत सिफारिशें की हैं। आयोग का मानना है कि निर्माण स्थल और जहां मजदूर रहते हैं वहां कुत्ते काटने की घटनाएं अधिकतर रूप से पाई जाती हैं। ये स्थान जोखिम पैदा करते हैं। विशेषकर मजदूरों के बच्चों के लिए जो अक्सर ऐसे वातावरण में रहते और खेलते हैं। ऐसी जगहों पर कुत्तों की मौजूदगी से बच्चों के आक्रामक व्यवहार या हमलों का सामना करने की संभावना बढ़ जाती है। इस संबंध में आयोग की सिफारिश है कि निर्माण स्थलों पर क्रेच की सुविधा और डे केयर अनिवार्य रूप से होना चाहिए, ताकि मजदूरों के बच्चों को सड़क या साइटों पर सुरक्षित रखा जा सके।

## कुत्तों को खिलाने का विनियमन क्या है



आयोग ने अपनी सिफारिशों में कुत्तों के खिलाने के विनियमन का उल्लेख विशेष रूप से किया है। यह विनियमन पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियम 2023 है। इसमें कहा गया खेल मैदानों के आसपास कुत्ते को खाना खिलाने पर रोक लगाई जाए। इसी तरह पालतू पशु स्वामित्व नीति में कहा गया है कि बच्चों को कुत्ते काटने की घटना को कम करने के लिए, पालतू पशु स्वामित्व नीतियां बनाई और लागू की जानी चाहिए। इसमें सभी पालतू जानवरों के लिए अनिवार्य पंजीकरण, नसबंदी और टीकाकरण का रिकार्ड रखा जा सके। आयोग ने ये भी कहा है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए कुत्तों की नसबंदी (बधियाकरण) करनी चाहिए। खासकर उन क्षेत्रों में जहां आंगनबाड़ी और स्कूल हैं।

**महिलाओं पर बढ़ते अपराध को लेकर सीएम हाउस घेरने निकली थीं**

# महिला कांग्रेस का हल्लाबोल, पुलिस ने रोका तो जमकर हुई झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश महिला कांग्रेस ने मंगलवार को महिला सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस नेत्रियों को बैरिकेड्स लगाकर रोका। पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर धक्कामुक्की और झूमाझटकी देखने को मिली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकलीं, जिन्हें पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी करते रहे। इससे पहले पुराने कांग्रेस भवन के सामने सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एकत्र हुईं। कई कार्यकर्ता दुष्कर्म पीड़िता बनकर पहुंची थीं, इसके बाद राजीव चौक से सीएम हाउस की तरफ बढ़ीं, जिन्हें पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। इसके पूर्व गांधी मैदान पर हुई सभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी ने कहा, बच्चियों से लेकर 50 साल की अधेड़ महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। बिना कांग्रेस के दबाव के कार्रवाई नहीं होती।







### नशे की गोलियां और दवाएं खाकर हो रहे अपराध- महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, इन लोगों ने जगह-जगह शराब बेचने की अनुमति दी है। 80 प्रतिशत गांव की दुकानों में भी नशे की गोलियां, दवाएं मिल रही हैं, जिसे खाने से लोग अपराध को अंजाम दे रहे हैं।

### सरकार को एफआईआर करने का बहुत शौक़ है : बैज

*प्रदर्शन में मौजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आज लाल साड़ी पहनकर दुर्गा के रूप में सरकार पर क़हर बरपाने हमारी माताएं-बहनें पहुंची हैं। नौ महीने की सरकार ने पूरे प्रदेश को बर्बाद कर दिया, माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी ने लगातार मुद्दा उठाया। आपको जनता ने सरकार चलाने का जनादेश दिया, लेकिन इस सरकार में सरकार नाम की चीज नहीं है, कानून नाम की चीज नहीं है। सरकार को लाठी, जेल और एफआईआर करने का बहुत शौक़ है। लाठियां तैयार रख लो, लाठियां मारते रहे, एफआईआर करते और जेल भरते पांच साल बीत जाएंगे। हमारी लड़ाई माता-बहनों की सुरक्षा की है। रायगढ़, रायपुर, यहां तक गृहमंत्री के अपने गृह जिले कवर्धा की सुरक्षा नहीं कर पा रहे हैं, तो प्रदेश की सुरक्षा क्या करेंगे। इस सरकार से ये पूछना चाहते हैं, सरकार कौन चला रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रदेश में दो क़ानून है? एक क़ानून जहां बिना जांच के एफआईआर हो रही है, और दूसरा जहां जांच के बाद धरना देने पर एफआईआर करते हैं। पुलिस गृहमंत्री से पूछकर एफआईआर करती है और धाराएं लगाती है।*

### कांग्रेस के प्रदर्शन को भाजपा नेत्रियों ने बताया फ्लॉप शो

भारतीय जनता पार्टी की सांसद रूपकुमारी चौधरी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत और विधायक भावना बोहरा ने मंगलवार को राजधानी में महिला सुरक्षा के नाम पर मुख्यमंत्री निवास के घेराव को कांग्रेस का फ्लॉप शो करार देते हुए कहा है कि जो महिला कांग्रेस छत्तीसगढ़ में अपनी प्रादेशिक और केंद्रीय महिला नेत्रियों के साथ हुए दुर्व्यवहार, अपमान के मामले में गूंगी गुड़िया बनी बैठी रही, आज महिला सुरक्षा और न्याय के नाम पर किस मुंह से सवाल खड़ा कर रही है। भाजपा नेत्रियों ने कहा, प्रदेश महिला कांग्रेस पहले अपनी पीड़ति, अपमानित साथी नेत्रियों को सम्मान, सुरक्षा और न्याय दिलाने का नैतिक साहस दिखाए अन्यथा उसके ये सारे घेराव-आंदोलन सियासी ढोंग और बेमानी ही साबित होंगे। भाजपा नेत्रियों श्रीमती चौधरी, श्रीमती राजपूत व श्रीमती बोहरा ने कहा, महिला सुरक्षा के मामले में कुछ भी बोलने की नैतिकता अब कांग्रेस में कतई शेष नहीं रह गया है। कांग्रेस की पिछली प्रदेश सरकार के पांच सालों के शासनकाल में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध अपनी चरम सीमा को लांघ चुके थे। जिस कांग्रेस की नेत्रियों ने अपनी ही साथी नेत्रियों के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज तक नहीं उठाई, उन्हें न्याय तक नहीं दिलवा पाई। दलितों और महिलाओं के नाम पर ढोल पीटने वाली कांग्रेस के लगभग डेढ़ साल पहले राजधानी में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस की दलित महिला नेत्री अर्चना गौतम के साथ उन्हीं प्रियंका वाड्रा के पीए संदीप सिंह ने बदतमीजी की, जिन प्रियंका के 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' के सियासी जुमले की अर्चना गौतम ब्रांड एम्बेस्डर थीं। आज तक उस महिला नेत्री को इंसाफ नहीं मिला है, और चूंकि यह दुर्भाग्यपूर्ण व शर्मनाक वाकया छत्तीसगढ़ में घटा था, बावजूद इसके छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस और कांग्रेस की नेत्रियों ने खामोशी ओढ़ ली थी।

## दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी शुरू, विशेष कार्यपालिक दंडाधिकारी तैनात




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर होने वाले चुनाव की तारीख अभी सामने नहीं आई है, लेकिन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने इस चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में आयोग के प्रस्ताव के अनुरूप दक्षिण सीट के लिए विशेष कार्यपालक दंडाधिकारी तय किए गए हैं। बताया गया है कि अलग-अलग विभागों में पदस्थ अधिकारियों को विशेष कार्यपालक दंडाधिकारी की शक्तियां प्रदान की गई हैं। ये लोग चुनाव पूरा होने तक रायपुर दक्षिण में शांतिपूर्ण मतदान के लिए काम करते रहेंगे।

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट वहां के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। श्री अग्रवाल ने रायपुर लोकसभा का चुनाव जीतने के बाद इस सीट से इस्तीफा दिया था। इस खाली हुई सीट पर इस्तीफे की तारीख के बाद अगले छह महीनों में उप चुनाव कराया जाना है। हालांकि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव का कार्यक्रम अभी जारी नहीं किया है। दूसरी ओर इस सीट पर चुनाव लड़ने के लिए राज्य की सत्ताधारी भाजपा और मुख्य विपक्षी कांग्रेस समेत अन्य दलों के लोग तैयारियों में जुट गए है। दक्षिण को लेकर सियासी गतिविधियां अंदरूनी तौर पर चल रही है। जैसे ही निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीख घोषित की जाएगी। इस सीट पर कब्जे के लिए राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाएंगी।

# कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा नहीं कराने वाले राइस मिलरों का कराएं भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल ने पिछले साल खरीदे गए धान का मिलान 30 सितम्बर तक कार्य अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम में 22 लाख टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 4.5 लाख टन चावल जमा करना शेष है। धान उठाव एवं कस्टम मिलिंग के लिए 32 लाख टन जमा करना शेष है। भण्डार गृह में जो धान शेष है, उनका तेजी के साथ उठाव और कस्टम मिलिंग का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही कराया जाएगा। मंत्री ने कहा, कस्टम मिलिंग कर एफसीआई और नॉन में जल्द चावल जमा कराएं। जरूरत पड़े तो राइस मिल में भौतिक सत्यापन का कार्य भी किया जाए।

खाद्य मंत्री ने मंगलवार को नवा रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की आज दूसरे दिन मैराथन बैठक लेकर विभागीय काम-काज की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने खाद्य अधिकारियों और निरीक्षकों को हर माह 10 राशन दुकानों की जांच करने तथा गड़बड़ी पाए जाने पर सशक्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशनकार्ड के वितरण में आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की।

### धान खरीदी के आवश्यक इंतजाम करें

आगामी खरीफ सीजन में भी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए राज्य सरकार द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से कहा, धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक इंतजाम शुरू करें। उन्होंने कहा, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बारदाने की व्यवस्था, धान खरीदी केन्द्रों में इंटरनेट कनेक्शन, कम्प्यूटर और नापतौल उपकरणों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

**सांसदों को 20-20 और विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने का मिला है लक्ष्य**

# बूथों में भाजपा के सदस्य बनाने आज से सांसद और कल से विधायक जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में अब बुधवार से प्रदेश भर के सांसद बूथों में सदस्य बनाने जाएंगे। इसी के साथ गुरुवार से विधायक भी सदस्यता अभियान में जुटेंगे। सांसदों को जहां प्रदेश संगठन ने 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है, वहीं विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने हैं। इसके लिए सभी सांसद और विधायकों ने अपने समर्थकों को अपना लिंक दिया है। इसी के माध्यम से सदस्य बनाने का काम किया जा रहा है।

प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान काफी तेजी से चल रहा है। अब तक सात लाख से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। प्रदेश संगठन ने 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सबसे बड़ा फोकस बूथों पर किया गया है। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। ऐसे में हर बूथ में 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखकर 50 लाख का लक्ष्य प्राप्त करने की रणनीति बनाई गई है। इसके अलावा सांसद, विधायकों और पार्टी के अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश और जिले के पदाधिकारियों को भी सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है।



### कितने सदस्य बने और आगे क्या करने वाले हैं केंद्रीय संगठन को बताया प्रदेश के भाजपा नेताओं ने

*रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने मंगलवार को दिल्ली में देश भर में चल रहे भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर देश के कई राज्यों के पदाधिकारियों से जानकारी ली। छत्तीसगढ़ के सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता अभियान के प्रभारी अनुराग सिंहदेव और सदस्य महासमुंद की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने जानकारी दी। राष्ट्रीय नेताओं को बताया गया कि अब तक कितने सदस्य बने हैं और आगे क्या करने वाले हैं। छत्तीसगढ़ में चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर राष्ट्रीय नेताओं ने प्रदेश संगठन की सराहना की है। भाजपा केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में आयोजित सदस्यता अभियान के प्रगति बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा व गृहमंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री व सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी विनोद तावड़े ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के सदस्यता अभियान की बिन्दुवार जानकारी ली। इसके साथ ही पंचायत में नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए सदस्यता अभियान को सुचारू से संचालित करने की बात कही गई है। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश सदस्यता प्रभारी विजया रहाटकर, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश सदस्यता संयोजक अनुराग सिंहदेव, सांसद व सदस्यता अभियान की सदस्य रूपकुमारी चौधरी बैठक में शामिल हुई।*

### सांसद-विधायकों की सदस्य बनाने की रणनीति

सांसदों के साथ विधायकों ने अपनी सदस्यता का लक्ष्य प्राप्त करने की लिए जो रणनीति बनाई है, उसमें अपने समर्थकों को अपने लिंक दिए जा रहे हैं। दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने बताया, उन्होंने अपना लिंक जहां अपने समर्थकों को दिया है, वहीं वे कोर्ट में वकीलों, डॉक्टरों, व्यापारियों और विद्यार्थियों में भी अपना लिंक देकर सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं। पार्टी के निर्देश पर अब बुधवार से बूथों में भी जाना है। हमारे लिंक से 20 हजार सदस्य बनाने का काम हमको करना है। रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया, उन्होंने पहले 50 सदस्य बनाने का काम किया है, इसके बाद ये सदस्य उनके लिंक से सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं। एक-एक सदस्य 50-50 सदस्य बनाएगा। इसी तरह से तेजी से दस हजार का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। इसी के साथ उनके जितने भी समर्थक हैं, वे भी उनके लिंक से सदस्य बना रहे हैं। अपना लिंक उन्होंने कई वर्गों के ग्रुप में दिया है, जहां पर उनके लिंक से सदस्य बन रहे हैं। उन्होंने बताया पार्टी के निर्देश के मुताबिक गुरुवार से बूथों में जाकर भी सदस्य बनाने का काम करेंगे। 12 सितंबर से विधायकों के साथ ही विधायक प्रत्याशी भी बूथों में जाएंगे और सदस्य बनाने का काम करेंगे। इसके अलावा 13 सितंबर से नगरीय निकाय के सभी जनप्रतिनिधि और 14 सितंबर से पंचायती संस्थाओं के जनप्रतिनिधि सदस्यता अभियान में जुटेंगे।

# राधिका खेड़ा ने कहा- दीपक बैज और उनकी प्रवक्ता को भेजा है लीगल नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा ने कहा, मैं देख रही हूं कि कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी लगातार बेहयाई से एक झूठ फैला रहे हैं कि मेरी माताजी का कोई बिल छत्तीसगढ़ सरकार में अटका हुआ है, जिसके कारण मैंने भाजपा का दामन थामा। मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि मेरी माताजी ने छत्तीसगढ़ में एक भी रुपया का सरकारी काम नहीं किया है।

इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी मेरे चरित्र हनन के लिए झूठी अफवाहें फैला रही है। इसीलिए आज मैंने छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और उनकी प्रवक्ता को लीगल नोटिस भेजा है। राधिका खेड़ा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, अब मेरा खुला चैलेंज है दीपक बैज और पूरी कांग्रेस पार्टी को या तो 48 घंटों के भीतर सबूत पेश करें कि मेरी माताजी ने छत्तीसगढ़ सरकार में एक भी सरकारी काम किया हो, मेरी माताजी की कंपनी के नाम का या मेरी माताजी के नाम का छत्तीसगढ़ सरकार का वर्क ऑर्डर या पेमेंट रिकॉर्डेड, रिसीप्ट।

- मेरी मां ने छत्तीसगढ़ में कोई सरकारी काम किया है तो साबित करें, नहीं तो माफी मांगें

साथ ही, मैं आज एक और चुनौती देती हूं कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को, अगर उन्होंने सिद्ध कर दिया कि मेरी माताजी को छत्तीसगढ़ सरकार में कोई वर्क ऑर्डर या छत्तीसगढ़ सरकार का पेमेंट रिसीप्ट है, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगी, लेकिन अगर दीपक बैज और भूपेश बघेल यह सबूत नहीं ला पाए, तो उन्हें सार्वजनिक रूप से मेरी माताजी से माफी मांगनी होगी और राजनीति से संन्यास लेना होगा।

**न्यायालय : द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी-डी.एन. भगत)**
**प्रो. क्र. - 1321, प्र. क्र. 130/24**
**पे. ता. 07.10.2024, धारा 13 हिं.वि.अ.**
आवेदक / आवेदिका- अन्नू उर्फ गीतांजली
**बनाम**
अनावेदक / अनावेदिका- टिकेश्वर साहू-
प्रति,
अनावेदक/अनावेदिका - टिकेश्वर साहू निवासी पताः- उम्र-30 वर्ष, पिता-श्री प्रेमलाल साहू, निवासी ग्राम दरचुरा थाना सिमगा, जिला-बलौदाबाजार छ.ग.
उपरोक्त आवेदक/आवेदिका ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा 13 हिं.वि.अ. का प्रकरण प्रस्तुत किया है।
अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 07/10/2024 को 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वय) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य/दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक 07/10/2024 को प्रस्तुत कर सकते है।
यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है, तो अगले कार्यालयीन कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख 30 माह 08 सन 2024 को जारी किया गया।
**स्थान : रायपुर**
**दिनांक 30/08/2024**
(डी. एन. भगत)
द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**
**फार्म 'अ'**
सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री प्रियेश विलियम पिता विलियम थियाफिलस निवासी 54/812 सांई मंदिर के पास डंगनिया पो. सुंदर नगर जिला रायपुर एवं कु.सुरभि गुप्ता पिता श्री अशोक गुप्ता निवासी 2719 रिंग रोड संजय नगर मां गायत्री ट्रेडर्स जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।
प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04 अक्टूबर, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।
निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।
आज दिनांक 04 सितम्बर, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।
**अवधि 30 दिन से कम न हो**
मुहर
**विवाह अधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शाजीदा खातून, पति- मोहनीश खान निवासी डूमरतालाब, मोहबा बाजार, टाटीबंध रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता नीतूदेवी पति श्री अशोक कुमार, निवासी- टिकरापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वाले के हक हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो वाके जो मौजा- मठपुरैना, प.ह.नं. 00061, रा.नि.म.-रायपुर-14- बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 258/28, रकबा 0.0110 हे. याने 1200 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना अग्रिम राशि विक्रेता को अदा कर दिया था किन्तु मेरे पक्षकार शाजीदा खातून, पति- मोहनीश खान निवासी- डूमरतालाब, मोहबा बाजार, टाटीबंध रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता नीतूदेवी पति श्री अशोक कुमार, निवासी- टिकरापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के मध्य आपसी सामंज्य नही होने के कारण ऊपर वर्णित भूमि का सौदा निरस्त हो गया है। **शाजीदा खातून, पति- मोहनीश खान निवासी डूमरतालाब, मोहबा बाजार, टाटीबंध रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता नीतूदेवी पति- श्री अशोक कुमार, निवासी- टिकरापारा,** रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. **के मध्य किसी भी प्रकार की लेन-देन सव्यवहार शेष नही है।**
रायपुर छ.ग.
दिनांक 10/09/24
**भवदीय**
**कुणाल फरिकार (अधिवक्ता)**
**श्रीराम मंदिर के पास कंकाली पारा रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 9826674118**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्रमांक / 202409115600007/ अ-6/2023-2024
रायपुर, दिनांक 30/08/2024
**ग्राम- भाठागाँव प.ह.नं.-60,**
**तहसील व जिला रायपुर**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागीरथी देवांगन पिता स्व. श्री विश्राम देवांगन निवासी ग्राम कोरासी तहसील आरंग जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के पिता स्व. श्री विश्राम देवांगन पिता स्व. श्री गंगा राम देवांगन के नाम पर ग्राम भाठागाँव, प.ह.नं. 60. रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 641/2 रकबा 0.0130 हे. भूमि धारित की जाती है। यह कि उक्त भूमि के भूमिस्वामी विश्राम देवांगन की मृत्यु दिनांक 03/06/2022 को हो चुका है। जिनके विधिक वारिसान (1) श्रीमती परेटा बाई देवांगन पति स्व. श्री विश्राम देवांगन (2) भागीरथी देवांगन (3) भरत लाल देवांगन (4) संतराम देवांगन (5) शंकर लाल देवांगन (6) (मृतक) शत्रुहन लाल देवांगन (7) गायत्री देवांगन (8) सावित्री देवांगन (9) सरोजनी देवांगन पिसरान स्व. श्री विश्राम देवांगन है। यह कि उक्त वारिसानो मे से शत्रुहन लाल देवांगन की भी मृत्यु दिनांक 12/02/2019 को हो चुका है जिनके विधिक वारिसान (1) चित्ररेखा देवांगन पति स्व. शत्रुहन लाल देवांगन (2) नेगीचंद देवांगन (3) अभिषेक देवांगन (4) सिम्मी देवांगन (5) सुनंदा देवांगन पिसरान स्व. शत्रुहन लाल देवांगन है का लेख करते हुए उक्त वर्णित भूमि से मृतक का नाम विलोपित कर विधिक वारिसानो की हैसियत से वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 19/09/2024 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो ये स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दरतावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 19/09/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
**तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5432 दिनांक 04.09.2024 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्वतंत्र भवन क्रमांक- जुनियर एम.आई.जी - 11/172, को श्रीमति पूनम राठी पति श्री गोपाल राठी, के नाम पर नामान्तरण किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 22.05.2024 को विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में श्रीमति पूनम राठी पति श्री गोपाल राठी, निवासीः- चर्च के पास, शिवाजी नगर, दलदल सिवनी, पंडरी तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती रश्मिता प्रधान पति श्री शशांक प्रधान एवं श्री शशांक प्रधान पिता श्री लक्ष्मन प्रधान, निवासी :- ग्राम - चेरिया, पोस्ट - कुर्रे, थाना - राखी, तहसील - गोबरा नवापारा जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- जुनियर एम.आई.जी - 1 1/172, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

## खबर संक्षेप

### ईदगाहभाठा मस्जिद मुतवल्ली चुनाव के लिए समिति गठित

रायपुर। राजधानी की विभिन्न मस्जिदों में लंबे समय से मुतवल्ली चुनाव की मांग की जा रही थी। वहीं सुन्नी हन्फी मुहम्मदी मस्जिद ईदगाहभाठा के मुतवल्ली का कार्यकाल समाप्त हो गया है। नवीन मुतवल्ली के चुनाव के लिए 4 सितंबर को हुई वक्फ बोर्ड की बैठक में सदस्यों द्वारा मुतवल्ली चुनाव मार्गदर्शिका-2022 के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने के लिए 10 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया है। मतदाताओ की सूची तैयार कर जल्द ही चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी जायेगी। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्य रियाज हुसैन एवं शोएब अहमद खान के अनुमोदन के बाद हाजी वकील अशरफी, मो. सादिक, फारुख कुरैशी, नसरुद्दीन भिन्सरा, हाजी अकबर खां, मो. आरिफ, मुनीर खान, मो. आरिफ, शेख ईस्माईल एवं हाजी उस्मान को चुनाव समिति में शामिल किया गया है।

### सिंधु पैलेस में आमसभा और प्रतिभा सम्मान 22 को

रायपुर। सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा 22 सितंबर को आमसभा और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी मंडल के अध्यक्ष दिलीप इसरानी और महासचिव सुनील अजवानी ने देते हुए बताया कि प्रतिभा सम्मान के तहत साहिती के सदस्य परिवार के विद्यार्थियों को स्व. चंद्रादेवी इसरानी की स्मृति में मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्री-प्रायमरी व प्रायमरी कक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा, मिडिल व हायर सेकेंडरी कक्षाओं में 80 प्रतिशत या अधिक, ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन में 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वालों विद्यार्थियों को सम्मान किया जाएगा।

## निधन

### माधुरी शुक्ल



रायपुर। आनंद नगर निवासी माधुरी शुक्ल का 10 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 सितंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे नरेंद्र कुमार शुक्ल की पत्नी और आनंद, अभिषेक शुक्ल की माता थीं।

### राजकुमार दुबे



रायपुर। ब्राह्मणपारा निवासी राजकुमार दुबे का 10 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 सितंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे जमुना प्रसाद दुबे के पुत्र थे।

### कांताप्रसाद श्रीवास्तव



रायपुर। रायपुर निवासी कांताप्रसाद श्रीवास्तव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 सितंबर को सुबह 11 बजे न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अनुभाग अधिकारी विवेक श्रीवास्तव के पिता थे।

### मो. जहीरुद्दीन



रायपुर। बूढ़ापारा निवासी मो. जहीरुद्दीन का 10 सितंबर को निधन हो गया। उन्हें ईशा की नमाज के बाद मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्दे-खाक किया गया। वे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मो. ताहिर, मुनीर, वजीर, अजहर, अयाज के पिता थे।

# एविल इंजेक्शन की खरीदी-बिक्री में गड़बड़ी, राजधानी की दवा दुकान का लाइसेंस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गंभीर दर्द से राहत देने वाले एविल इंजेक्शन का उपयोग नशे के लिए किया जाता है। इसकी खरीदी-बिक्री में गड़बड़ी करने के मामले में राजधानी के एक दवा दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। जांच के दौरान करीब दो साल में सवा दो लाख वॉयल की हेराफेरी का मामला सामने आया था।

दवाओं का उपयोग नशे के लिए किए जाने की शिकायतों की विभागीय विवेचना के दौरान औषधि विभाग द्वारा एविल इंजेक्शन की निर्माता कंपनी से वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में इस इंजेक्शन की छत्तीसगढ़ में खपत के बारे में जानकारी मांगी गई थी। मामले की जांच के दौरान पता चला था कि तेलीबांधा के राजधानी मेडिकल स्टोर्स के जरिए इस इंजेक्शन की सप्लाई नशा करने वालों को की जाती है। उस दवा दुकान को जांच के दायरे में लाया गया। वहां से एविल इंजेक्शन (वॉयल) की खरीदी के दस्तावेज तो मिले, मगर इसकी बिक्री का कोई रिकार्ड नहीं मिला। अनियमितताओं के संबंध में दवा दुकान के संचालक नवीन इदवानी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, मगर उसके द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया था। मामले की जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ था कि उक्त वॉयल धमतरी के मेडिकल स्टोर्स से खरीदा गया है।

टीम ने धमतरी की दवा दुकान संचालक से जानकारी मांगी, तो पता चला कि 73 बिल के माध्यम से इस अवधि में 2 लाख 25 हजार 200 इंजेक्शन एविल वायल 10 एमएल मेसर्स राजधानी मेडिकल स्टोर्स को बेचा गया था। इसकी जानकारी राजधानी मेडिकल स्टोर्स के संचालक नवीन इदवानी द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई।

## पेन किलर दवा का नशे में उपयोग, दो साल में सवा दो लाख वॉयल की हेराफेरी

### जीआरपी की कार्रवाई से मिला था सुराग

इस मामले का सुराग फरवरी में जीआरपी द्वारा रेलवे स्टेशन में की गई एक कार्रवाई के जरिए मिला था। जीआरपी ने वहां एक आरोपी से ब्यूप्रेनार्फिन इंजेक्शन 2 एमएल एम्प्यूल के साथ इंजेक्शन एविल 10 एमएल वायल भारी मात्रा में जब्त किया था। आरोपी पर कार्रवाई के साथ जानकारी कार्यालय उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन को भेजी गई थी, जिस आधार पर विभागीय इन्वेस्टीगेशन शुरू किया गया था।



### मार्फिन के साथ मिलाकर उपयोग

जानकारी के अनुसार एविल इंजेक्शन का उपयोग ब्यूप्रेनार्फिन के साथ मिलाकर किया जाता है। आमतौर पर इसका उपयोग गंभीर और पुराने दर्द से राहत के लिए किया जाता है। नशे की लत वाले इसका दुरुपयोग करते हैं और अक्सर इसे कलाई की नस में लगाया जाता है। सूत्रों का दावा है कि इसका दुरुपयोग काफी होता है।

### जानकारी रखें दवा व्यापारी

बिक्री की जाने वाली दवाओं की खरीदी-बिक्री की जानकारी नियमित तौर पर दवा व्यापारियों को रखनी चाहिए। दवाओं का उपयोग नशे के लिए किए जाने की शिकायत मिल रही है, आर्थिक लाभ के लिए ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

*- **बसंत कुमार कौशिक**, औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन*

## ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया रायपुर

# पीआरए कंपनी के कारोबारी पर फायरिंग मामले का दूसरा शूटर हरियाणा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा क्षेत्र में पीआरए कंपनी के कारोबारी की कार पर फायरिंग करने वाले दूसरे शूटर को भी राजधानी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस हरियाणा गई थी, जहां एक मकान में छापा मारकर शूटर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शूटर को पनाह देने वाले उसके एक परिचित को भी गिरफ्तार किया है। दोनों को सिरसा हरियाणा कोर्ट में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाया गया है।

**पनाह देने वाला भी गिरफ्तार :** पुलिस पीआरए कंपनी के कारोबारी पर फायरिंग करने वाले बाइक सवार दो आरोपियों में फायरिंग करने वाले आरोपी सागर निवासी मनसा पंजाब को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में अब दूसरा शूटर जिसका नाम प्रवीण सिंह उर्फ पिन्नू 20 वर्ष निवासी ग्राम टीटुखेड़ा शासकीय स्कूल के पास थाना सदर सिरसा हरियाणा को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम पिन्नू की तलाश में हरियाणा गई हुई थी। इस दौरान स्थानीय पुलिस के मुखबिर की मदद से पिन्नू के सिरसा स्थित एक मकान में छिपे रहने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने उस मकान में छापा मारकर उसे गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने जिस मकान में छापा मारा, वह पिन्नू के परिचित रामसिंह का था। पुलिस ने आरोपी को पनाह देने के अपराध में रामसिंह को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पहले सिरसा कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रायपुर लाया गया है।



### 2 जिंदा एवं 2 खाली कारतूस बरामद

पुलिस ने आरोपी पिंटू के कब्जे से 2 जिंदा और 2 खाली कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ में पिन्नू ने पीआरए कंपनी के कारोबारी पर फायरिंग करने का अपराध कबूल लिया है। पूछताछ में पिन्नू ने यह भी बताया कि घटना के दौरान वह बाइक चला रहा था, लेकिन उसके पास भी लोडेड पिस्टल था।

### रामसिंह भी जा चुका है जेल

पिन्नू जिस रामसिंह के यहां छिपा हुआ था, वह भी पूर्व में जेल जा चुका है। पिन्नू की रामसिंह से मुलाकात जेल में ही हुई थी, जिसके बाद दोनों एक-दूसरे के घर आना-जाना भी करते थे। रायपुर से फरार होने के बाद पिन्नू पुलिस से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। आखिरी में रामसिंह के घर में जाकर छिपा हुआ था। रामसिंह मूलतः ग्राम चौधरीवास थाना आजाद नगर जिला हिसार का रहने वाला है। गौरतलब है कि करीब दो माह पूर्व बाइक सवार दो नकाबपोश शूटरों ने सुबह करीब 10.51 बजे शहर के राजेंद्रनगर से तेलीबांधा जाने वाले रिंग रोड के बगल वाली सर्विस रोड पर रेकी करते हुए पीआरए बारब्रिक प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी के मालिक प्रहलाद अग्रवाल के दफ्तर के बाहर उसकी खड़ी कार पर फायरिंग कर फरार हो गए थे। यह फायरिंग सिर्फ कारोबारी को डराने के उद्देश्य से की गई थी, क्योंकि उस समय कार में कारोबारी भी सवार नहीं थे। इस फायरिंग के जवाब में कारोबारी के सुरक्षा गार्डों द्वारा भी फायरिंग की गई थी।

## फेडरेशन की पूरे प्रदेश में मशाल रैली आज

# राजधानी में आंबेडकर प्रतिमा से कलेक्टोरेट तक निकालेंगे रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ आंदोलन का तीसरा चरण, अपने हक की आवाज बुलंद करने जुटेंगे

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर 11 सितंबर को कर्मचारी अधिकारी मशाल अधिकार रैली निकालकर राज्य सरकार को मोदी की गारंटी लागू करने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। राजधानी रायपुर में बुधवार को दोपहर 1:30 बजे से आंबेडकर प्रतिमा चौक से जिला कलेक्टोरेट के लिए मशाल रैली निकाली जायेगी। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों, विकासखंड और तहसीलों में मशाल रैली निकाली जायेगी। आंदोलन का यह तीसरा चरण होगा।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मोदी की गारंटी का क्रियान्वयन नहीं होने की स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। इसी कड़ी में आंदोलन का तीसरा चरण 11 सितंबर को जिला, ब्लॉक व तहसील में मशाल रैली तथा प्रदर्शन किया जायेगा। चौथे चरण में 27 सितंबर को प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश में रहकर कलम बन्द, काम बन्द हड़ताल करेंगे। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा है, यदि सरकार ने मोदी की गारंटी पर क्रियान्वयन नहीं किया, तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का आव्हान करेगा। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, सचिव राजेश चटर्जी, राजनारायण द्विवेदी, मनीष मिश्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी की घोषणा की गई।

फेडरेशन से संबद्ध संगठनों के प्रांताध्यक्ष सतीश मिश्रा, आरके रिछारिया, युधेश्वर सिंह ठाकुर, राकेश शर्मा, लक्ष्मण भारती, आरएन ध्रुव, भागवत कश्यप मूलचंद शर्मा, हेमचारण राठौर, विंदेश्वर रौतिया, विजय लहरे, सत्येंद्र देवांगन, पंकज पांडेय, दीपचंद भारती, डीएस भारद्वाज, विश्राम निर्मलकर, हरि मोहन सिंह, दिलीप झा, वीरेंद्र नाग, ऋण राजपूत, अरुण तिवारी, मनीष ठाकुर, जय कुमार साहू, ऋतु परिहार, सुमन शर्मा, टार्जन गुप्ता, मनोज साहू ने मशाल रैली को सफल बनाने कर्मचारी जगत से आव्हान किया है।

### पेंशनरों को केंद्र के समान डीए व डीआर दिए जाने की मांग

सरकार बनने पर प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं जिसमें पेंशनरों को केन्द्र के समान डीए और डीआर दिये जाने, लंबित डीए एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने सहित अन्य 8 प्रतिबद्धता शामिल रही, लेकिन सरकार बनने के इस पर क्रियान्वयन करने की जगह मौन धारण करने से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। फेडरेशन लंबे समय से शासकीय सेवकों को केन्द्र के समान गृहभाड़ा भत्ता, अर्जित अवकाश 240 दिन के स्थान पर 300 दिन करने जैसे मुद्दों सहित शासकीय सेवक कल्याण के अनेकों मुद्दों का ज्ञापन राज्य सरकार को समय-समय पर दिया है, लेकिन सरकार कर्मचारियों के मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है। इसके विरोध में फेडरेशन चार चरणों में आंदोलन कर शासन का ध्यान आकर्षित करा रहा है।

# चक्कर लगाकर भुवनेश्वर गई कोलकाता फ्लाइट घंटेभर में लौटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ मौसम खराब, सवा दो घंटे लेट आया जगदलपुर का विमान

सुबह के वक्त बादलों के काफी नीचे होने की वजह से कोलकाता से आई फ्लाइट चक्कर लगाकर भुवनेश्वर चली गई। मौसम के ठीक होने की सूचना मिलने के बाद उसे पुनः रायपुर लाया गया। इसी तरह जगदलपुर में होने वाली बारिश की वजह से रायपुर आने वाला विमान सवा दो घंटे विलंब से पहुंचा।

सूत्रों के अनुसार कोलकाता से रायपुर के बीच इंडिगो द्वारा नियमित उड़ान का संचालन किया जाता है। यह फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर कोलकाता से टेकऑफ होकर रायपुर पहुंची थी। यहां लैंडिंग के दौरान सुबह के आठ बजे मौसम खराब था।

जोरदार बारिश के दौरान बादल काफी नीचे थे, जो विमानतल पर लैंडिंग के अनुरूप नहीं थे। हवा में चक्कर लगाने के बाद विमान को नजदीकी एयरपोर्ट भुवनेश्वर की तरफ ले जाया गया। बताया जाता कि वहां लैंडिंग के पहले रायपुर में मौसम साफ होने की सूचना मिली, तो उसे वापस यहां लाकर उतारा गया। इस दौरान फ्लाइट अपने निर्धारित समय से घंटेभर विलंब से रायपुर पहुंची।

इसी तरह जगदलपुर से दोपहर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट आने वाली फ्लाइट के यात्रियों के सफर को मौसम ने प्रभावित किया और फ्लाइट अपने निर्धारित समय से सवा दो घंटे विलंब से आई। दोनों उड़ानों की वापसी भी विलंब से हुई। कुछ दिन पहले भी मौसम की खराबी की वज से कुछ उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ था।

# रायपुर ननि से माना नगर पंचायत ने मांगा चार एमएलडी पीने का पानी

## 25 साल की जरूरत के हिसाब से प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ भाठागांव के रीसरकुलेशन प्लांट से माना नगर पंचायत को बेचेंगे पानी

माना नगर पंचायत ने रायपुर नगर निगम से प्रतिदिन 40 लाख लीटर शुद्ध पेयजल की मांग की है। आगामी 25 साल की पेयजल जरूरत हिसाब से यह प्लान किया गया है। नगर निगम प्रशासन को इस संबंध में माना नगर पंचायत की ओर से एक पत्र भी भेजा गया है। इस पत्र के मिलते ही नगर निगम भाठागांव में नवनिर्मित रीसरकुलेशन प्लांट से रोजाना 40 लाख लीटर पेयजल की आपूर्ति माना नगर पंचायत को करने विचार कर रहा है। अमृत मिशन के तहत 12 एमएलडी क्षमता वाला रीसरकुलेशन प्लांट बनकर तैयार है। इसका लोकार्पण जल्द होगा।

रायपुर नगर निगम का जल विभाग आरडीए के कौशिल्या विहार सहित हाउसिंग बोर्ड की कालोनियों के बाद अब माना नगर पंचायत के रहवासियों की प्यास बुझाने पेयजल की आपूर्ति करेगा। यह आपूर्ति आने वाले दिनों में भाठागांव में अमृत मिशन के तहत नवनिर्मित रीसरकुलेशन प्लांट से करने की तैयारी है। विदित हो कि नगर निगम के फिल्टर प्लांट से जल शुद्धिकरण के दौरान रोजाना 80 लाख लीटर वेस्ट वाटर बिना उपयोग किये नाले में बहा दिया जाता है, पर अब ऐसा नहीं होगा, इस वेस्ट वाटर को उपचारित कर दोबारा पेयजल के रूप में उपयोग में लाने भाठागांव में 12 एमएलडी क्षमता का वाटर सरकुलेशन प्लांट लगाया गया है। इससे वर्तमान में 80 लाख लीटर उपचारित पानी पेयजल के लिए मिलने लगेगा। इसमें से 40 लाख लीटर प्रतिदिन की मांग के हिसाब से शुद्ध पेयजल माना नगर पंचायत को आपूर्ति की जायेगी। अमृत मिशन के नोडल अधिकारी अंशुल शर्मा ने बताया कि माना नगर पंचायत को रोजाना 40 लाख लीटर पेयजल की जरूरत है। इसके लिए रायपुर नगर निगम से 4 एमएलडी जल आपूर्ति की डिमांड आई है। हम उनके संपवेल में रीसरकुलेशन प्लांट से उपचारित शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कर सकते हैं।



### कारा एसटीपी का 35 लाख लीटर उपचारित नदी में डाल रहे

नगर निगम द्वारा खारुन नदी में गिरने वाले 17 बड़े नाले व नालियों के गंदा पानी को उपचारित करने कारा, निमोरा और चंदनीडीह में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है। इसमें से कारा के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित 35 लाख लीटर शुद्ध पानी खारुन नदी में डाला जा रहा है। इसी उपचारित पानी का उपयोग बीरगांव नगर निगम अपने 40 वार्ड के रहवासियों की प्यास बुझाने में कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक जिस जगह पर रायपुर नगर निगम का कारा का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित है, उसे 50 मीटर की दूरी पर बीरगांव नगर निगम का संपवेल बना हुआ है।

### पानी देने तैयार हैं

माना नगर पंचायत से 40 लाख लीटर शुद्ध पेयजल प्रतिदिन के हिसाब से आपूर्ति के संबंध में पत्र आया है। हमारे रीसरकुलेशन प्लांट से उपचारित पानी का उपयोग इस कार्य के लिए कर सकते हैं, हम पानी देने तैयार हैं।

*- **यूएस अग्रवाल**, अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर*

### अब नवा रायपुर में आईएमए की अलग शाखा, डॉ. पीयू प्रकाश अध्यक्ष नियुक्त

रायपुर। चिकित्सकों की संख्या अधिक होने और उन्हें संगठन से जोड़ने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिशन की अलग ब्रांच नवा रायपुर में गठित की गई है। आईएमए नवा रायपुर के अध्यक्ष डॉ. पीयू प्रकाश सक्सेना को बनाया गया है। इस शाखा की पहली बैठक में करीब डेढ़ सौ चिकित्सक शामिल हुए। सोमवार को हुई बैठक में कई ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने अपने सुझाव एवं अनुभव व्यक्त किए। बैठक में इस नवगठित इकाई में सदस्य अधिकाधिक संख्या में बनाने पर जोर दिया गया। जो आईएमए के सदस्य हैं, वो भी इस इकाई में स्थानांतरण ले सकते हैं। आईएमए नवा रायपुर इकाई के शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने पर भी विचार मंथन किया गया एवं उसे भव्य रूप से आयोजित करने की चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, डॉ. विमल चोपड़ा, डॉ. अशोक त्रिपाठी, डॉ. गंभीर सिंह, डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल, डॉ. अनूप वर्मा, डॉ. कुलदीप सोलंकी, डॉ. केतन शाह, डॉ. अखिलेश दुबे एवं अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

श्रीमती पूजा नंदकिशोर सोनकर को PHD की उपाधि मिलने पर बधाई

श्रीमती पूजा नंदकिशोर सोनकर, पिता श्री खुमान सिंह सोनकर को उनकी थीसिस इम्पेक्ट ऑफ़ ऑप्टिमिस्म एन्ड रेसिलिएंस ऑफ़ मिडिल-एज्ड एडल्ट्स डुइरिंग कोविड-19 पेंडेमिक (कोविड-19 महामारी के दौरान मध्यम आयु वर्ग के वयस्कों पर आशावाद और लचीलेपन का प्रभाव।) के लिए पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा गृह - विज्ञान (ह्यूमन डेवलपमेंट) संकाय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. नंदा गुरवारा प्रोफेसर शासकीय डी.बी. गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, रायपुर (छ.ग.) के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। वर्तमान में श्रीमती पूजा सोनकर अतिथि व्याख्याता के रूप में शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में कार्यरत है। उन्हें पीएचडी की उपाधि मिलने पर उनके परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।



श्रीमती पूजा नंदकिशोर सोनकर

विनीत : समस्त सोनकर परिवार, रायपुर

### सड़कें ही नहीं...

कालोनी सेक्टर 3 के साथ खालबाड़ा गुढ़ियारी में जलभराव से लोग खासे परेशान हुए। कई इलाकों में मोटर पंप से लोग घरों का पानी निकालने देर रात तक जुटे रहे। ***निगम के ड्रेनेज सिस्टम की खुली पोल, नाले का पानी घरों में घुसा :*** वामनराव लाखे वार्ड की दर्जनभर कालोनियों में नाले और नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर लोगों के घरों तक जा घुसा। कुशालपुर के शीतलापारा कालोनी में लोगों के घरों में किचन तक गंदा पानी भरने से लोगों को खासी परेशानी हुई। बरामदे से लेकर गलियारे तक लबालब पानी भरने से पैर रखने की जगह नहीं बची। यही हाल प्रोफेसर कालोनी के गली नंबर 1, 4 और 5 में देखने को मिला। रातभर लोग सो नहीं सके। सुबह का आलम ये रहा कि कई घरों में चूल्हे नहीं जले। वार्ड पार्षद मन्नू-विजेता यादव के साथ निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा और जोन के अधिकारी प्रभावित इलाकों में निरीक्षण के लिए पहुंचे और नालियों की तत्काल सफाई के साथ गंदा पानी की निकासी के लिए मोटर पंप लगाये गये। दोपहर बाद इन इलाकों में लंच पैकेट वितरित कर लोगों के लिए भोजन का इंतजाम किया गया। ***गुढ़ियारी के पुराना अंडरब्रिज, नया अंडरब्रिज में भरा पानी :*** नगर निगम के जोन 1 क्षेत्र के गुढ़ियारी स्थित पुराना अंडरब्रिज में घुटनों तक पानी भरने से लोगों को खासी परेशानी हुई। राहगीरों को गंदे पानी के छींटों से जहां दिक्कत हुई, वहीं

## पेज 11 के शेष ...

अंडरब्रिज में पानी भरने से दोपहिया, तिपहिया चालक भी हलाकान रहे। नया अंडरब्रिज में भी कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली। ***खालबाड़ा बस्ती में पानी भरा, कलिंग नगर छोटे रामनगर में जलभराव :*** गुढ़ियारी के खालबाड़ा बस्ती में तेज बारिश के कारण जलभराव होने से लोग परेशान रहे। पानी निकासी के लिए मोटर पंप लगाकर घरों के अंदर भरे गंदा पानी को बाहर निकाला गया। इधर संत रामदास वार्ड के कलिंग नगर और छोटे रामनगर बस्ती में नहर का पानी पूरे वेग के सड़क से होकर घरों तक जा पहुंचा। 1 घंटे तक यह स्थिति बनी रही। इसी तरह ठक्कर बापा वार्ड के गोंदवारा ओवरब्रिज में पानी भरने से इस मार्ग पर आने-जाने वाले परेशान रहे। वार्ड के सांई मंदिर कालोनी की गली में जलभराव की समस्या रही। ***भाठागांव से काठाडीह का रास्ता बाधित, पुलिया के ऊपर बहा पानी :*** तेज मूसलाधार बारिश के कारण भाठागांव से काठाडीह आने-जाने के मार्ग पर लबालब पानी भरने से इस मार्ग पर आवाजाही प्रभावित रही। पुलिया के ऊपर पानी बहने से काठाडीह सहित आसपास के ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हुई। कुछ लोगों के दोपहिया वाहन के इंजन में पानी भरने से बाइक बीच में ही बंद हो गई। इसे खींचकर ले जाने की नौबत भी आई।

### डूमतराई में 3 कच्चे...

से एक कच्चा मकान तालाब किनारे और 2 कच्ची झोपड़ी पानी भरने से झोपड़ी की दीवार भरभराकर गिर गई। जिस समय कच्ची झोपड़ी गिरी, उस समय अंदर कोई नहीं था, इसलिए जान-माल की हानि नहीं हुई। वार्ड पार्षद सीमा-विष्णु बारले ने बताया कि क्षतिग्रस्त कच्चे मकान के नुकसान का आकलन करने पटवारी को प्रतिवेदन बनाने कहा गया है।

### तहसील एवं कलेक्टोरेट गॉर्डन...

का तहसील कार्यालय में आना-जाना लगा रहा। बताया गया कि पानी निकासी वाले रास्ते में कचरा फंस गया था, जिसके कारण तहसील परिसर में पानी भर गया था। निगम के सफाई कर्मचारियों की मदद से कचरा निकाल कर रास्ता खोला गया। इसके बाद जमा पानी निकासी के रास्ते बाहर निकल गया। इधर कलेक्टोरेट के बाहरी परिसर में बना गार्डन भी बारिश के पानी से लबालब हो गया है। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गार्डन में दिनभर पानी भरा रहा। इसके कारण गार्डन में दिनभर वीरानी छाई रही। अनुपम नगर गार्डन में भी बारिश के कारण दिनभर जलभराव की स्थिति रही, जिसके कारण यह गार्डन में भी दिनभर सूना रहा।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
● स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस ● Back Pain, सायटिका ● जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
● जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना ● टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी ● सर दर्द, पॅरालिसीस ● स्पांडिलाइटिस ● गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ी में बनेगी गैंग्स ऑफ रायपुर फिल्म



**रायपुर।** ट्राइबल वारियर प्रोडक्शन एवं केकेएस के फिल्म वर्क्स और दीपेश कुकरेजा प्रोडक्शन्स के संयुक्त बैनर तले छत्तीसगढ़ी-हिंदी फिल्म गैंग्स ऑफ रायपुर का निर्माण जल्द होने जा रहा है। गैंग्स ऑफ रायपुर फिल्म की प्रोडक्शन टीम ने मंगलवार को कलर्स मॉल के कार्निवल सिनेमा में फिल्म की कास्ट रिवील का आयोजन किया, जहां फिल्म के निर्देशक के. शिव कुमार और प्रोड्यूसर साजिद खान ने बताया कि फिल्म की अधिकांश शूटिंग राजधानी रायपुर और कांकेर जिले की विभिन्न लोकेशंस पर 15 सितंबर को आरंभ होने जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड के कई कलाकार हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें राजीव वर्मा पुलिस महानिदेशक के रोल में होंगे तो वहीं बॉलीवुड के अभिनेता गोपाल के. सिंह एवं कई सीरियल व फिल्मों में काम कर चुके शील वर्मा व ध्रुवादित्य भगवनानी भी नजर आएंगे।

### शास्त्रीय नृत्य स्पर्धा में स्मृति प्रथम



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल सांस्कृतिक समिति द्वारा भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत माता हायर सेकंडरी स्कूल टाटीबंध की कक्षा 12वीं की छात्रा स्मृति दास का पहला स्थान रहा। वे पूर्व में भी भारतीय शास्त्रीय नृत्य में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर चुकी है और राज्यपाल से पुरस्कृत भी हुई हैं। छात्रा की पहला स्थान प्राप्त होने पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, चेतन दंडवते सहित मंडल के समस्त सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं।

### लालपुर स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा, दिलाई शपथ



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल लालपुर में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को मिडिल स्कूल प्रधानपाठक देवेंद्र अगलावे ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। संकुल समन्वयक फ्लोरेंस तिर्की ने बताया, स्वस्थ मनुष्य में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, हमें स्वयं स्वच्छ रहकर, दूसरों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में बीएड छात्राध्यापक चंद्रकला जैन, पार्वती ध्रुव, अखिलेश तिर्की, सुषमा कुलकर्णी, कविता सरकार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# साय और रमन ने अयोध्या सहित पांच तीर्थों के दर्शन के लिए कार्यकर्ताओं को झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अयोध्या, बनारस, प्रयागराज, चित्रकूट, मैहर की पांच तीर्थ यात्रा पर जा रहे रायपुर जिले के धरसींवा क्षेत्र के तीन मंडलों के 600 कार्यकर्ताओं को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। तीर्थ यात्रियों को ले जा रही 13 बसों को मंगलवार को विधानसभा के पास शीतल बाड़ी से झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, शुभ अवसर पर जब भगवान गणेश घर घर में विराजमान हैं आप लोग पांच तीर्थ के दर्शन के लिए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए रामलला तीर्थ दर्शन योजना प्रारंभ की है। यह योजना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के समय प्रारंभ की गई तीर्थ यात्रा योजना का विस्तार है। मुख्यमंत्री ने कहा, कार्यकर्ताओं ने अपने समर्पण और मेहनत से विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई। उनसे किए गए वायदे के अनुसार आज इस क्षेत्र के 600 कार्यकर्ता पांच तीर्थों की यात्रा पर जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, तीर्थों के दर्शन के दौरान श्रद्धालु अपने घर परिवार के साथ छत्तीसगढ़ की खुशहाली, समृद्धि के लिए भी आशीर्वाद मांगें। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका और प्रभु राम का ननिहाल है। यहां सदैव खुशहाली हो ऐसी कामना आप सभी तीर्थों के दर्शन के दौरान करें। हम सब आप लोगों को प्रणाम करने के लिए यह आए हैं। आपकी यात्रा मंगलमय हो। इस अवसर पर अतिथियों ने तीर्थयात्रियों का स्वागत किया।

**छह दिनों की यात्रा में कार्यकर्ता बनारस, प्रयागराज, चित्रकूट, मैहर की तीर्थ यात्रा करेंगे**



### सहयोग देने वालों को पुण्य भी मिलेगा

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा, हम लोग पांच तीर्थों के दर्शन के लिए जा रहे आप लोगों को प्रणाम करने और शुभकामनाएं देने आए हैं। उन्होंने कहा, आप लोग पुण्य काम में जा रहे हैं आप पर इंद्रदेव की कृपा है। इस पुण्य काम में सहयोग देने वालों को पुण्य भी मिलेगा। आपकी यात्रा मंगलमय हो। तीर्थ दर्शन के दौरान आप छत्तीसगढ़ में सुख, शांति और समृद्धि के लिए भी प्रार्थना करिएगा। स्वागत भाषण धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने दिया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल सहित नितिन अग्रवाल, छगन मूंदड़ा सहित मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। श्री देवजी भाई पटेल भी कार्यकर्ताओं के साथ पांच तीर्थ यात्रा पर रवाना हुए।

## टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने दी जानकारी

# 50 लाख घरों तक सोलर, अब खिड़की में कांच की जगह पैनल लगाकर बचा सकेंगे ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना छत्तीसगढ़ में भी शुरू हो गई है। सोलर कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड 'घर-घर सोलर' पहल के तहत राजस्थान, उत्तरप्रदेश और केरल के बाद अब छत्तीसगढ़ में यह अभियान चालू हो गया है। मंगलवार को सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने विस्तार से जानकारी दी। हरिभूमि ने बातचीत में कहा कि चार महीने के भीतर टाटा कंपनी हल्के वजन वाले सोलर पैनल लांच करने जा रही है, जिसे घर में छोटी जगहों पर आसानी से लगाया जा सकता है। इसकी खास बात यह भी है कि इस पैनल को खिड़की के कांच की जगह भी उपयोग कर सकते हैं।

- राज्य में सौर क्षमता बढ़ाने टाटा पावर ने छत्तीसगढ़ में 'घर-घर सोलर' के तहत 600 से भी ज्यादा इंस्टॉलेशन किए पूरे

अधिक पैनल के उपयोग से दिनभर के लिए ऊर्जा की बचत हो जाएगी। छग में घर-घर सोलर की पहल राज्य के सभी 33 जिलों को कवर करेगी। इसे नौ पार्टनर्स इसको अपना सपोर्ट देंगे। उन्होंने बताया कि टाटा कंपनी ने पहले 20 लाख सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य बनाया था, लेकिन भारत सरकार ने



यह लक्ष्य 50 लाख तक दिया है। हम तीन सालों के भीतर देशभर में इस लक्ष्य को पूरा कर लेंगे। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल लगाने लोगों में दिलचस्पी केवल शहर तक नहीं है, गांव में भी काफी मांग देखने को मिल रही है। कंपनी का शेयर 20 प्रतिशत का ग्रोथ कर सकता है, पूरी उम्मीद है। कार्यक्रम में टाटा पावर के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपेश नंदा, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और सम्मानित चैनल पार्टनर्स के साथ उपस्थित थे।

### 78 हजार तक मिलेगी सब्सिडी

घर-घर सोलर' पहल बेहतरीन रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस, आरटीएस को अपनाने को बढ़ावा देती है, जिससे महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ मिलता है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत निवासी 1 किलोवाट के लिए 30,000 तक, 2 किलोवाट के लिए 60,000 तक और 3 से 10 किलोवाट सिस्टम के लिए 78,000 तक की केंद्र सरकार से सब्सिडी ले सकते हैं। इन सब्सिडी का उद्देश्य सोलर ऊर्जा इंस्टालेशन को सभी की पहुंच में पहुंचाना और किफायती बनाना है, जिससे हर घर बिना किसी वित्तीय बोझ के रिन्यूएबल एनर्जी को अपना सकें। इसके अलावा 'घर घर सोलर' पहल में नेट मीटर की रीडिंग के लाभ भी मिलेंगे। इससे लोगों को अतिरिक्त बिजली उत्पन्न करने पर क्रेडिट मिलेगा, ताकि उनके ऊर्जा बिल कम आ सकें। 2 गीगावॉट से भी ज्यादा सोलर छतों के साथ लगभग 51,674,454.89 टन $CO_2$ की भरपाई की जाने अनुमान है, जो 25 वर्षों के जीवनकाल में लगभग 18 लाख पेड़ लगाने के बराबर है।

### छत्तीसगढ़ में 600 से ज्यादा इंस्टॉलेशन

आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और कई प्रत्यक्ष प्रोजेक्ट्स में 250 मेगावाट से भी ज्यादा की क्षमता के बराबर 600 से ज्यादा इंस्टॉलेशन की सेवा देने के पोर्टफोलियो के साथ, छत्तीसगढ़ टीपीएसएसएल की गतिविधियों और पहलों के लिए सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। इनमें से कुछ उल्लेखनीय इंस्टालेशन में 100 मेगावाट की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, बीईएसएस) प्रोजेक्ट, एबीआईएस के साथ 30 मेगावाट का प्रोजेक्ट, वंदना इस्पात के साथ 15 मेगावाट का प्रोजेक्ट, लोहिया और डोंगरगांव के साथ 12 मेगावाट का प्रोजेक्ट, कृष्णा आयरन स्ट्रिप्स तथा ट्यूब्स प्रा. लिमिटेड के साथ 7 मेगावाट का प्रोजेक्ट और महावीर कोल वॉशरीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ 4 मेगावाट का प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं।

# अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ गरजा नगर निगम का बुलडोजर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार लोगों से मिल रही अवैध निर्माण की शिकायत के मद्देनजर बिरगांव निगम के अधिकारियों ने अलग-अलग क्षेत्र में दबिश देते हुए सीमेंटेड निर्माण तोड़ने के लिए करीब 5 घंटे तक बुलडोजर चलाया। इस बीच बांस-बल्ली के सहारे किए जा रहे कब्जे के खिलाफ मुहिम चलाते हुए भवन अनुज्ञा अधिकारी के साथ टीम ने दबिश देते हुए सरकारी एवं आसपास लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहे अवैध निर्माण को खत्म किया।

- बिरगांव निगम के भवन अनुज्ञा अधिकारी के साथ टीम ने दी दबिश

बिरगांव निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देश पर मंगलवार को अतिक्रमण पर सख्ती बरतते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई का सिलसिला जारी रहा। इस कड़ी में निगम के तोड़ दस्ते ने क्षेत्र के रावांभाठा वार्ड 15 में स्थित सीमेंट गोडाउन के पास रीना तिवारी और महाराजा पाइप द्वारा किए गए अवैध सीमेंटेड कब्जे को हटाने के लिए बुलडोजर चलाया। भवन अनुज्ञा अधिकारी डीएल देवांगन, उप अभियंता केएल साहू, अमन चंद्राकर और स्वच्छता अधिकारी अर्जुन पवार के साथ टीम ने बिलासपुर मेन रोड से सीमेंट गोडाउन तक सड़क किनारे बरसों पुराने 4 अतिक्रमण हटाया। इसी तरह उरकुरा के वार्ड 16 में बिंदु राय द्वारा शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। उरकुरा में ही मेन रोड के पास स्थित आंगनबाड़ी के सामने से अतिक्रमण हटाया गया।

### अवैध रीफिलिंग दुकान की बंद

निगम के मुताबिक उरला अछोली मेन रोड में दुकालू यादव के मकान में योगेन्द्र यादव द्वारा अवैध रूप से सिलेण्डर बिक्री की शिकायत मिल रही थी। इसकी पुष्टि के बाद निगम की टीम ने दबिश दी, तो दुकान संचालक को अवैध रीफिलिंग करते पाया। लोगों के लिए खतरा उत्पन्न करते दुकान संचालक को देखने के बाद उनके खिलाफ अधिकारी कार्रवाई करते हुए सिलेंडर रीफिलिंग में प्रयोग होने वाले टूल्स को जब्ती करते हुए दुकान बंद करने की कार्रवाई करके लौटे।

## रविवि कर्मचारी संघ चुनाव के लिए मतदान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के चुनाव के लिए 11 सितंबर को मतदान होगा। मतदाताओं को 8 मतपत्र मिलेंगे। मतदान का समय प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक रखा गया है। इस बार 28 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर अपना भाग्य आजमाने उतर रहे हैं। 12 पदों के लिए मतदान के बाद सीवी रमन हॉल में मतगणना की जायेगी।



- मतदाताओं को मिलेंगे 8 मतपत्र
- 28 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर, 12 पदों के लिए चुनाव

रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ का प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव 11 सितंबर को होने जा रहा है, जिसमें 12 पदों पर चुनाव होगा। मतदाताओं को कुल 8 मत पत्र मिलेंगे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, तृतीय वर्ग, उपाध्यक्ष चतुर्थ वर्ग, कोषाध्यक्ष, सचिव, उप सचिव तृतीय वर्ग, उप सचिव चतुर्थ वर्ग और कार्यकारिणी चयन के लिए मतपत्र मिलेंगे।

कर्मचारी संघ चुनाव के संबंध में चुनाव अधिकारी श्रवण सिंह ठाकुर और प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि चुनाव मैदान पर कुल 28 प्रत्याशी उतरे हैं। 12 पदों के लिए चुनाव हो रहे हैं। मतदान केंद्र में मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित है।

# 10 बजे बिजली गिरने से मौत, 4 घंटे के भीतर पीड़ित परिजनों को मिल गई सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के तिल्दा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। कलेक्टर डा. गौरव सिंह के निर्देश पर इस घटना के चार घंटे के भीतर ही मृतक के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की सहायता राशि दिला दी गई। जिले में यह

- कलेक्टर गौरव सिंह की पहल पर पीड़ित परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत दिलाई गई सहायता राशि



पहली बार हुआ है, जब कोई घटना में मौत के मामले में परिजनों को 4 घंटे के भीतर ही आरबीसी के तहत मुआवजा राशि मिली है। मुआवजा राशि दिलाने के बाद कलेक्टर ने पीड़ित परिवार के लोगों के साथ मोबाइल पर बातचीत करते हुए घटना को लेकर संवेदना व्यक्त की।

### खेत में काम करने के दौरान चपेट में आया किसान

गरज-चमक के साथ मुसलाधार बारिश के दौरान तिल्दा ब्लॉक के ताराशिव गांव का किसान आशीष वर्मा सुबह करीब 10 बजे खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान आकाशीय बिजली उसके खेत में आकर गिरी, जिसकी चपेट में वह भी आ गया। इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना के कुछ मिनट बाद ही तहसील सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंचकर घटना का मुआयना करने के बाद इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी। इसकी सूचना जैसे ही कलेक्टर तक पहुंची। उन्होंने तत्काल इस मामले में पीड़ित परिवार को आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद विभाग ने 4 घंटे के भीतर पीड़ित परिवार को सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

## गांधी मैदान पर एसयूसीआई का प्रदेश व्यापी प्रदर्शन आज

**रायपुर।** राज्य सांगठनिक समिति की ओर से 16 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 सितंबर को राजधानी के गांधी मैदान पर एक दिवसीय प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया जायेगा। आयोजन संस्था सचिव विश्वजीत हारोडे ने बताया कि दोपहर 12 बजे से आयोजित प्रदर्शन में महंगाई, बेरोजगारी, मजदूरों के शोषण, स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण, महिलाओं की सुरक्षा कर अपराध रोकने सहित 16 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन विरोध प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया जायेगा।

### प्रमुख मांगें

- सरकार के अधीन सभी रिक्त पदों में तत्काल भर्ती की मांग। पुरानी सभी भर्ती परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर नियुक्ति दी जाये।
- अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण कर उन्हें शासकीय कर्मचारी घोषित करने और सरकारी कार्यों में लगे ठेका मजदूरों को सीधे विभाग के अंतर्गत शामिल कर नियमित करने की मांग।
- न्यूनतम वेतन 26000 रुपये प्रतिमाह घोषित कर इसे निजी क्षेत्र में भी प्रमुखता से लागू किया जाये।
- किसानो की सभी उपज को लाभकारी समर्थन मूल्य में खरीदने की गारंटी, खाद, बीज, कीटनाशकों, कृषि यंत्रों की कीमत कम करने की मांग।
- क्लोजर मर्जर के नाम पर 4 हजार से अधिक सरकारी स्कूलो को बंद करने की नीति वापस ली जाये। स्कूल कालेजो में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों व प्राध्यापकों की नियुक्ति करने संबंधी मांग।
- स्वास्थ्य क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाई जाये।
- वन अधिकार कानून 2006 लागू कर आदिवासियों की मांगे पूरी की जाये। इसके साथ ही हसदेव जंगल उजाड़ना बंद करने की मांग।
- राज्य में सरकारी परिवहन व्यवस्था लागू हो,शहरों और गांवों को जोड़ते हुए सरकारी बसें संचालित की जाये।

## आत्मा के अनुरंजन का पर्व है पर्यूषण



**रायपुर।** आत्मा के कल्याण के लिए दिगंबर जैन समाज द्वारा दस लक्षणों पर आधारित दस धर्मों के आधार पर तप, साधना की जा रही है। डीडीनगर स्थित श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में भी पर्वाधिराज पर्यूषण के अवसर पर एक और जैन श्रावक अपनी तपस्या की चरम अवस्था को प्राप्त कर जीवन को मोक्षमार्ग के लिए प्रशस्त कर रहे हैं, वहीं रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों, युवाओं और समाज को धर्म के मार्ग से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। बाल ब्रह्मचारी अरूण भैया ने उत्तम मार्दव धर्म के माध्यम से प्रवचन संध्या में कहा कि मानव क्षमा तो करने का प्रयास कर सकता है, लेकिन किसी की प्रशंसा करने से, किसी के कटु वचन बोलने से अप्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता है। आज पद, रूप, ज्ञान, तप, कुल, जाति सहित 8 प्रकार के मदों से प्रभावित होकर वह अहंकार करता है और पर्व के दौरान इससे बचने के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए। दशलक्षण का यह पर्व मनोरंजन का नहीं, आत्मा के अनुरंजन का पर्व है।

- दशलक्षण पर्व पर तपस्या के साथ धर्म की हो रही प्रभावना

### फैंसी ड्रेस स्पर्धा में बच्चों ने लिया भाग

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई, आयोजक राजुल जैन व प्रतिभा जैन थीं, जिसमें 2 वर्ष से लेकर 11 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। जैन धर्म से जुड़ी परंपराओं, प्रसंगों व कथाओं की मनोहारी प्रस्तुतियां बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ दीं। बच्चों ने मां जिनवाणी, जैन धर्म, हेल्दी फूड जंक फूड, न्यूजपेपर, जैन श्रावक, दशलक्षण धर्म, शास्त्रीजी, श्रीकृष्ण, पूजा की थाली, नरक गति का जीव, आरओ वॉटर, अंजन चोर, चंदन बाला, दीवान अमरचंद जैसे किरदारों को मासुमियत के साथ बहुत दृढ़ता से पेश कर दर्शकों का मनमोह लिया। प्रस्तुति देने वाले बाल कलाकारों में आर्यश, वेदांश, वीर, इवांश, वेदिका, अविचल, अयांश, अयांश आशीष जैन, अनव, शौर्य, अविरल, जियांशी, अरहान शामिल थे। बाल कलाकारों को परखने वाले निर्णायक मंडल में विकास जैन, शैलेंद्र संघी व निधि जैन थीं।

## मुख्यमंत्री ने आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भूदान आंदोलन के प्रणेता, समाज सुधारक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की 11 सितंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा कि विनोबाजी ने अपना जीवन गरीबों और दलितों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया तथा उनके अधिकारों के लिए खड़े हुए। उन्होंने समाज में व्याप्त असमानता जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में अथक प्रयास किया। साथ ही आचार्य भावे ने देश में आजादी की अलख जगाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आचार्य विनोबा भावे का सामाजिक सुधार और दीन-दुखियों के उत्थान के प्रति उनका अटूट समर्पण हमें आज भी प्रेरित करता है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

**बिजनेस साइट**

## मध्यभारत के सबसे बड़े सिल्वर शोरूम धरम ज्वेलर्स का शुभारंभ आज

**रायपुर।** मध्यभारत के सबसे बड़े सिल्वर शोरूम धरम ज्वेलर्स का आज भव्य शुभारंभ होगा। यह समारोह कोतवाली चौक सदर बाजार में 11 सितंबर से 13 सितंबर तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्य उद्घाटनकर्ता इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी मुंबई होंगे। शोरूम के संचालक संजय और यश निमानी ने बताया कि इस शोरूम में सिल्वर ज्वेलरी की विशाल और विविध रेंज उपलब्ध है, जिसमें पायल, बिछिया, चांदी के गिफ्ट आइटम्स, मूर्तियां, पूजा सेट, चांदी के सिक्के, सोफासेट, डिजाइनर डिनर सेट और घर की सजावट के सभी सामान शामिल हैं। इसके




अतिरिक्त यहां डायमंड, जड़ाऊ और पोलकी ज्वेलरी का एक्सक्लूसिव कलेक्शन भी उपलब्ध होगा।

## आईएसबीएम विवि के बोर्ड ऑफ स्टडीज में प्रख्यात शिक्षाविदों की नियुक्ति

**रायपुर।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय ने अपने विश्वविद्यालयीन बोर्ड ऑफ स्टडीज में देश एवं प्रदेश के प्रमुख शिक्षाविदों को नियुक्त किया है। इनमें डॉ. एचके सिंग, डॉ. एसएस भदोरिया, डॉ. संतोष विस्वास, डॉ. दिलीप सिंह सिसोदिया को शामिल किया गया है। इन सभी शिक्षाविदों ने शिक्षा के क्षेत्र में दशकों की विशेषज्ञता और योगदान दिया है और देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में सेवाएं दी हैं।

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE ♥ WISDOM ♥ HUMANITY

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल डॉ. जयेंद्र नारंग ने सभी नवनियुक्त शिक्षाविदों का स्वागत करते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रोजगार की कमी नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योगों की जरूरत के अनुसार तैयार करने की आवश्यकता है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 11 सितंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 कारीगरों को नहीं दी गई छुट्टी ताकि पंडाल ...

## सिटी इवेंट

## वन विभाग में खेल कोटे से वन रक्षकों की भर्ती 23 तक




**रायपुर।** राज्य में वन विभाग ने खेल कोटे के तहत 41 वन रक्षक पदों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। यह भर्ती प्रक्रिया 23 सितंबर तक चलेगी। इस भर्ती प्रक्रिया में हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, शूटिंग, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, तैराकी, फुटबॉल, भारोत्तोलन, कबड्डी और एथलेटिक्स जैसे खेलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। वन रक्षक भर्ती चयन प्रक्रिया रायपुर के प्रमुख खेल स्थलों और मैदानों में आयोजित की जा रही है, ताकि खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण वन विभाग के अधिकारियों की समिति, विभाग के नोडल अधिकारियों और संबंधित खेल संघों के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। खिलाड़ियों का चयन उनके स्टैमिना और खेल कौशल के आधार पर किया जाएगा, जिससे केवल सर्वश्रेष्ठ और शारीरिक रूप से सक्षम उम्मीदवारों को ही इन पदों के लिए चुना जा सके।

### हॉकी से लेकर तैराकी तक के खेल शामिल

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्वीकृत पदों में हॉकी के लिए 3, क्रिकेट और बैडमिंटन के लिए 2-2, शूटिंग के लिए 1, वॉलीबॉल के लिए 7, बास्केटबॉल के लिए 4, तैराकी के लिए 1, फुटबॉल के लिए 3, भारोत्तोलन के लिए 5, कबड्डी के लिए 6 और एथलेटिक्स के लिए 7 पद उपलब्ध हैं। चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए पात्र उम्मीदवारों की सूची वन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। वन विभाग ने कहा कि यह भर्ती न केवल खेलों को प्रोत्साहित करता है, बल्कि खिलाड़ियों को पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने का अवसर भी प्रदान करता है।

### बदल रहा पढ़ाई का ट्रेंड... विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए 15 सितंबर तक बढ़ाई गई है तारीख

# कॉलेज नहीं, यूथ कोचिंग को दे रहे 'वक्त' इसलिए अब तक खाली हैं 60 हजार सीटें

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में दाखिले की अंतिम तारीख बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। इसके पहले भी विभाग द्वारा तारीख बढ़ाई जा चुकी है। सत्र के प्रारंभ में जारी शेडयूल में सुधार करते हुए छात्रों को जुलाई अंत तक का समय दाखिले के लिए दिया गया था। इसके बाद 16 अगस्त और फिर 15 सितंबर तक का समय महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए दिया गया। इसके बाद भी सीटें खाली जा रही हैं। हालत यह है कि एक-दो विद्यार्थी ही पूछताछ के लिए कॉलेज कैंपस आ रहे हैं। इनमें भी कुछ ही प्रवेश ले रहे हैं।

**रायपुर।** दरअसल अब विद्यार्थी नियमित परीक्षार्थी के रूप में पढ़ाई करने के स्थान पर प्राइवेट परीक्षा देना पसंद कर रहे हैं, ताकि कॉलेज आने-जाने का समय बच जाए और वे अधिक से अधिक समय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में दे सकें। इस नए ट्रेंड ने नियमित परीक्षार्थी कम कर दिए हैं, जबकि प्राइवेट परीक्षार्थी बढ़ रहे हैं। मंगलवार को हरिभूमि की टीम ने कई महाविद्यालयों का निरीक्षण किया, जहां प्रबंधन ने बताया कि प्रवेश के लिए अब नहीं के बराबर ही छात्र आ रहे हैं।

### खाली हैं 60 हजार से अधिक सीटें

पं.रविशंकर शुक्ल विवि सहित पूरे प्रदेश के विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध महाविद्यालयों में लगभग 60 हजार सीटें रिक्त रह गई हैं। इसके देखते हुए प्रवेश तिथि में वृद्धि की गई है। राजधानी सहित अन्य जिलों के बड़े महाविद्यालयों में शुरुआती चरणों में ही सीटें भर गई थी। निजी महाविद्यालयों में स्थिति खराब है।

### पहले की तरह रूझान नहीं

महंत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी का कहना है कि कॉलेजों में दाखिला लेने छात्रों में वैसा उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है, जैसा शुरुआती चरणों में देखने को मिला था। जो छात्र नियमित परीक्षार्थी के रूप में पढ़ाई करना चाहते हैं, वे शुरुआती चरणों में ही दाखिले ले लेते हैं। इसके अलावा तिथि में वृद्धि नियमित रूप से ना कर कुछ दिनों के अंतराल में की गई, इसका भी असर देखने को मिला है। छत्तीसगढ़ राज्य बोर्ड द्वारा बारहवीं कक्षा के पूरक परिणामों की घोषणा अब तक नहीं की गई है। इनके परिणाम आने के बाद संभव है कि प्रवेश संख्या में कुछ वृद्धि हो।





### प्रथम वर्ष से ही ले रहे कोचिंग

घड़ी चौक के समीप स्थित एक कोचिंग संस्था के संचालक श्री अग्रवाल का कहना है कि युवाओं में सरकारी नौकरी का क्रेज बढ़ा है। यही कारण है कि बारहवीं के बाद प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के साथ ही छात्र कोचिंग ले रहे हैं। इनमें से अधिकतर विद्यार्थी प्राइवेट छात्र के रूप में कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर रहे हैं, ताकि वे अधिक से अधिक वक्त कोचिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को दे सकें। यह ट्रेंड कोरोना के बाद से ही देखने को मिल रहा है, लेकिन हाल-फिलहाल के वर्षों में इसमें वृद्धि हुई है। छात्र 12वीं के बाद से ही यूपीएससी और पीएससी की प्लानिंग करने लगे हैं।

### 18 तक पेश कर सकेंगे दावा-आपत्ति

शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया, आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अनंतिम चयन सूची जारी होने के बाद 11 से 18 सितंबर तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने पर विचार नहीं किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थी शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में कार्यालयीन समय में आवश्यक दस्तावेज के साथ अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।



### बीएड सीटों में प्रवेश के लिए चयन सूची जारी

बीते वर्षों में बड़ी संख्या में हुई शिक्षक भर्ती के कारण बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों में छात्रों की दिलचस्पी बढ़ी है। व्यापम द्वारा इन पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम जारी किए जाने के बाद शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर द्वारा सत्र 2024-26 के लिए बीएड अभ्यर्थियों की अनंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। इसे महाविद्यालय के वेबसाईट **www.cteraipur.org** एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के वेबसाइट **scert.cg.gov.in** में अपलोड कर दिया गया है। संबंधित अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट में सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

## आराधना

## 30 बग्गियों व 8 विंटेज कारों में निकली तपस्वियों की शोभायात्रा




**रायपुर।** कहते हैं तप हर किसी के बस का खेल नहीं, खेल वही सकता है, जो तप का सौदागर हो। तप करना, अपनी रसना को वश में करना, अपनी भोजन संज्ञा पर विजय पाना कोई खेल नहीं है। ऐसे कठिन सिद्धि तप की कठिन तपस्या को रायपुर की साध्वी चिंतननिधि सहित 114 साधकों ने कर दिखाया है। इस उपलक्ष्य में जारी श्री सिद्धि शिखर विजयोत्सव का सफलतापूर्वक समापन मंगलवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। चतुर्विद संघ व गुरु भगवंतों के सानिध्य में सुसज्जित बग्गियों, कारों,घोड़े, ऊंट, बैंड-बाजे के साथ हर्षोल्लास पूर्वक सिद्धि शिखर विजय यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में शामिल जैन समाज के लोगों ने तपस्वियों का अभिवादन किया। विजययात्रा विवेकानंद नगर जिनालय से शुरू होकर बूढ़ापारा इंडोर स्टेडियम पहुंची।

### पहली बार शाही अंदाज में शोभायात्रा

शोभायात्रा में 30 बग्गियों और 8 विंटेज कारों में श्री सिद्धि तप के तपस्वियों को विराजित किया गया। शोभायात्रा विवेकानंद नगर से बैरनबाजार,महिला थाना चौक, नगर निगम मार्ग, बूढ़ापारा सप्रे स्कूल मार्ग होते हुए इंडोर स्टेडियम पहुंची। इससे पहले सप्रे स्कूल के पास तपस्वियों का फूलों की बारिश व गुलाब जल छिड़काव कर अभिवादन किया गया। सिद्धि शिखर विजयोत्सव के समापन अवसर पर समाजजनों ने तपस्वियों के साथ श्रावक-श्राविकाओं का भी अभिवादन किया। शोभायात्रा की समाप्ति पर मुनिश्री तीर्थप्रेम विजय ने श्री सिद्धि तप और श्री सिद्धि विजय उत्सव के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर श्रावक-श्राविकाओं को आशीर्वचन दिए।



### मुंबई और नासिक से आए कलाकार देंगे प्रस्तुति

दादाबाड़ी आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़ और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि सिद्धि तप का समापन 12 सितंबर को होने जा रहा है। इससे एक दिन पहले 11 सितंबर को दादाबाड़ी में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर इन तपस्वियों का राजशाही सम्मान किया जाएगा। सुबह 8.30 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मुंबई के संकेत गांधी और नासिक के हर्ष शाह प्रभु भक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। दोपहर 12.36 बजे से तपस्या गीत गाए जाएंगे। सांझी-मेहंदी का कार्यक्रम भी होगा। रात 8 बजे एक बार फिर प्रभु भक्ति की महफिज सजेगी, जिसमें मुंबई और नासिक से आए सुप्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देकर समा बांधेंगे।

## मारवाड़ी ब्राह्मणों ने बदला नियम, अब पुत्र ही नहीं, पुत्री की मां भी कर सकेंगी 'जलवा पूजन'

**रायपुर।** विप्र फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा मेघ मल्हार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को महिलाओं ने कृष्णमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में श्रीकृष्ण और भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना और गणेश वंदना की गई। लोकगीत व नृत्य की प्रस्तुति महिलाओं ने दी। इस दौरान महिलाओं ने जलवा के गीत गाए गए। मारवाड़ी ब्राह्मणों द्वारा की गई इस विशेष पूजा को जलवा पूजन कहते हैं। यह पूजा जिनके पुत्र होते हैं वही मां करती हैं, लेकिन मारवाड़ी ब्राह्मणों निर्णय लिया कि अब केवल पुत्री की मां होने पर भी मां जलवा पूजन कर सकेंगी। विप्र फाउंडेशन के महिला प्रकोष्ठ द्वारा इस पूजन का आयोजन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के गीतों की प्रस्तुति दी गई। इससे पूरा महौल कृष्णमयी हो गया।



विप्र फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा मेघ मल्हार का आयोजन

### राजस्थान का खास पर्व है जलवा पूजा

मारवाड़ी ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कोमल शर्मा ने ने बताया कि राजस्थान का यह एक खास पर्व है। इस पर्व की महत्ता ज्यादा है। इसकी पूजा महिलाएं विशेष रूप से करती हैं। जलवा पूजन लड़का होने के बाद ही माताओं द्वारा किया जाता है। इसमें नियम है कि जिसके घर में लड़का होता है, वह मां यह पूजा 21 दिन या एक महीने में करती हैं। इस पूजा में सभी ने निर्णय लिया कि कि अब सिर्फ लड़के की मां ही नहीं, बल्कि लड़की की मां भी जलवा पूजेगी। इसकी शुरुआत भी कर दी गई।

### बेटियों को लेकर पहुंची महिलाएं

मारवाड़ी समाज की महिलाएं जलवा पूजन के दौरान अपनी बेटियों को लेकर शामिल हुईं। नियम बदले जाने से बेटियों में भी खुशी और उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में सचिव सपना मदन शर्मा, कोषाध्यक्ष नेहा निखिल शर्मा, महामंत्री डॉली मुकुल शर्मा, सीता सोमदत्त शर्मा, शिवानी सुरेश शर्मा सहित अन्य महिलाएं शामिल हुईं।



## खादी सेक्टर में बना सकते हैं कॅरियर, इसमें कई विकल्प

**रायपुर।** खादी के महत्व को कभी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मौसम कोई भी हो, खादी के कपड़े अनुकूल होते हैं। खादी के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए कॅरियर की अपार संभावनाएं हैं। ये बातें मैट्स यूनवर्सिटी के हिन्दी विभाग एवं भारत सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के राज्य कार्यालय द्वारा हिन्दी सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विद्वानों ने कही। विवि द्वारा प्रतिवर्ष हिन्दी सप्ताह का आयोजन 14 सितंबर तक किया जाता है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां होती हैं। खादी और ग्रामोद्योग के रिजवान अहमद ने बताया, खादी विभाग विकास के साथ ही युवाओं को स्वरोजगार भी उपलब्ध करवा रहा है।

### निबंध लेखन की बारीकियों से हुए अवगत

युवाओं को 50 लाख रुपए तक के लोन और 25 से 35 प्रतिशत तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। कुलपति प्रो.केपी यादव ने विद्यार्थियों को निबंध लेखन की बारीकियों से अवगत कराते हुए प्रतियोगी परिक्षाओं के लिए अच्छी भाषा शैली के साथ कम शब्दों में पूरी बात कहने की कला से अवगत कराया।

### कार्टून वॉच फेस्टिवल : मानस के 108 दोहे-चौपाई पर केन्द्रित पुस्तक विमोचित

## कार्टूनिस्टों में साइलेंट केमिकल, इसलिए वे ज्यादा संवेदनशील

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** कार्टूनिस्ट को ईश्वर ने बनाने के बाद साइलेंट केमिकल मिला दिया, इसलिए वे ज्यादा संवेदनशील होते हैं। यह कहना है कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी का। उन्हें इस वर्ष कार्टून क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए जीवन गौरव सम्मान दिया गया। कार्टून वॉच पत्रिका द्वारा वीआईपी रोड स्थित एक निजी होटल में कार्टून फेस्टिवल रखा गया। यहां मुख्यमंत्री विष्णदेव साय सहित विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह और सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। मुख्य वक्ता हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी रहे। कार्टून वॉच पत्रिका के संपादक त्रयंबक शर्मा द्वारा रचित रामचरित मानस के 108 दोहे व चौपाइयों पर केन्द्रित कार्टून आधारित पुस्तक 'तुलसी सुगन्ध' का अतिथियों ने विमोचन किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, कार्टूनिस्टों के लिए तो हम विषय होते हैं। इनके मूक संवाद की भाषा भी रोचक होती है। डॉ.हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि कार्टूनिस्ट अखबारों की सुर्खियों से भी आगे जा चुके हैं। इससे उनकी महत्ता स्पष्ट होती है। अतिथियों ने भी इस दौरान कार्टून बनाए। युवा कार्टूनिस्ट्स ने भी अपनी प्रतिभाएं कैरिकेचर व अन्य माध्यमों के जरिए दिखाई।



### युवा कार्टूनिस्टों के लिए कॅरियर के लिहाज से अब ज्यादा संभवनाएं

कार्टूनिस्ट कम बोलते हैं, लेकिन रेखांकन के जरिए वे अपनी भावनाओं को ही नहीं बल्कि किसी घटना का बेबाकी से चित्रण करते हैं। जब मै 8वीं कक्षा में पढ़ता था, तब शिक्षकों का कार्टून बनाता था। शिक्षक नाराज होने की बजाय बोले, स्कूल में पढ़ाई करो और इस शौक को सहेजने के लिए घर में हमेशा प्रैक्टिस करना। ये बातें इंदौर के वरिष्ठ व्यंग चित्रकार इस्माइल लहरी ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में साझा की। उन्होंने कहा कि कार्टूनिस्ट में अच्छे चित्रकार के साथ मजाकिया स्वभाव का होना बेहद जरूरी है। नई पीढ़ी के लिए इस फील्ड में अपार संभावनाएं हैं।

### कार्टूनिस्ट को सम्मानित करने की परंपरा अनूठी

डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि देश का यह पहला ऐसा आयोजन है, जिसमें कार्टूनिस्ट को सम्मानित करने की परंपरा रही है। इसने देशभर में छत्तीसगढ़ को नई पहचान दिलाई। यह हमारे लिए इसलिए भी गौरव की बात है, क्योंकि इस आयोजन को एक पारिवारिक माहौल में कार्टून वॉच के संपादक त्रयंबक शर्मा द्वारा किया जाता है। इस आयोजन को नई पहचान दिलाने में पूर्व सीएम एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का भी योगदान रहा है। सबसे ज्यादा बार इस फेस्टिवल में शामिल होने का रिकार्ड अभी तक उनके नाम है।



### छोटा सा कार्टून कहता है बड़ी बात

सीएम ने कहा, कार्टून एक ऐसी कला है, जिसके द्वारा बहुत थोड़ी जगह में पूरी बात को स्पष्टता के साथ मनोरंजक और व्यंगात्मक ढंग से व्यक्त की जाती है। छोटा सा कार्टून बड़ी बात कहता है। कभी-कभी सम्पादकीय में जिस बात को आधे पेज में लिखा जाता है, उसे सिर्फ एक कार्टून के माध्यम से व्यक्त कर दिया जाता है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने कहा कि कार्टून कभी गुदगुदाता है तो कभी ऐसी कड़वी दवाई की तरह होता है, जिसका परिणाम अच्छा होता है। कार्टूनिस्ट देश की परिस्थिति को कलम से अभिव्यक्त करता है। वह समाज को नई दिशा देता है। कार्टून और एनिमेशन समाज के सभी वर्ग को प्रभावित करते हैं। इस मौके पर कार्टून विधा से जुड़े डॉ. केसी पंत और मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

## गणेशोत्सव 2024



श्री बाल मित्र मंडल, वीरभद्र नगर



श्री श्री शिवशक्ति गणेशोत्सव समिति, गांधी ग्राम, मंदिर हसौद



मंगलम गणेशोत्सव समिति, लक्ष्मी विहार



होटल बेबीलोन, वीआईपी रोड



श्री जय बजरंग बाल गणेशोत्सव समिति, यादव मोहल्ला, टिकरापारा




श्री सिद्धि विनायक गणेशोत्सव पाल काम्पलेक्स मठपारा



नव जागरण परिवार, शीतला चौक, टिकरापारा



श्री शिव शक्ति युवा समिति, देवपुरी



श्री बाल गणेशोत्सव समिति, सरोना



न्यू सम्राट गणेशोत्सव समिति



मां दुर्गा मंदिर, कुशालपुर

### बारिश भी नहीं डिगा पा रही आस्था, समितियों ने दो पाली में देखभाल के लिए बनाई टीम

# कारीगरों को नहीं दी गई छुट्टी ताकि पंडाल प्रभावित हो तो तुरंत की जा सके व्यवस्था, बारिश में ग्रुप बनाकर सेवा

**गणेश स्थापना से लगातार हो रही बारिश भी लोगों की आस्था को नहीं डिगा पा रही है। शहर की बड़ी आयोजन समितियों ने पंडाल में की गई स्थल सज्जा की देखभाल के लिए दो पाली में वालंटियर्स को जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए, इसे ध्यान में रखते हुए स्थल सज्जा करने वाले कारीगरों को भी छुट्टी नहीं दी है। ऐसा इसलिए किया है ताकि बारिश अथवा किसी अन्य वजह से की गई साज-श्रृंगार व लाइटिंग प्रभावित होती है तो उसे तुरंत दुरूस्त किया जा सके। इस तरह के इंतजाम शहर के सभी बड़े पंडालों में की गई है। वहीं छोटे पंडालों में युवाओं की टोली रुटिन तय करके जिम्मेदारी निभा रही है।**

**रायपुर।** जय भोले ग्रुप कालीबाड़ी के युवा अध्यक्ष लक्ष्य साहू ने बताया कि इस बार लगातार हो रही बारिश और इस बीच दर्शन के लिए आने वाली श्रद्धालुओं के बीच व्यवस्था बनाने की चुनौती है। पंडाल को किसी प्रकार का नुकसान न होने पाए इसे देखते हुए 25-25 युवा अलग-अलग ग्रुप में रात और दिन में देखभाल करते हैं। इसके साथ ही कोलकाता से बुलाए गए कारीगरों को भी छुट्टी नहीं दी गई है। अगर किसी प्रकार की अव्यवस्था के हालात बनेंगे, तो उसे दुरूस्त करने के लिए इंतजाम किए गए हैं।



शहर की झांकी : जय भोले ग्रुप कालीबाड़ी ने 27वें वर्ष भी स्थल सज्जा के लिए बुलाए कारीगर

### दुर्ग से आए 30 कारीगर रहते हैं तैनात

इसी तरह गुढ़ियारी स्थित गणेश उत्सव स्थल पर इस बार मनोज राठी के मार्गदर्शन में युवाओं की टोली रात एक बजे तक मुस्तैद रहती है। बारिश की वजह से आस्था डिगने न पाए इसका भी वे ध्यान रखते हैं। इसके अलावा दुर्ग के कारीगर जंगी ग्रुप के स्थल सज्जाकार पंडाल में ही दिन-रात रहते हैं। अगर किसी प्रकार से व्यवधान जैसे हालात बनते हैं, तो उन्हें तुरंत दुरूस्त करने की जिम्मेदारी वे स्वयं निभाते हैं। इसके अलावा समिति के दूसरे पदाधिकारी भी तेज बारिश की स्थिति में तुरंत पंडाल में पहुंचते हैं, ताकि व्यवस्था कायम रहे।

### भोले के स्वरूप में गणेश

कालीबाड़ी ग्रुप के अध्यक्ष परमवीर सिंह व कृष्णा साहू ने बताया कि हर साल आयोजन को बेहतर करने के लिए नया प्रयास करते हैं। इस बार आराध्य देव गणेश को भोले बाबा के स्वरूप में स्थापित किया गया है। दर्शन के लिए आने वाले लोगों को यह एहसास कराने का प्रयास किया गया है, जैसे कारीगर विघ्नहर्ता के स्वरूप को अभी भी आकार दे रहे हैं। रोचकता के चलते आने वाले भक्तों के बीच भी यह टॉकिंग पाइंट बना हुआ है। लेजर लाइट से पंडाल को आकर्षक स्वरूप देने का प्रयास इस बार भी कोलकाता के 30 कारीगरों ने किया है।



### विक्रांत एनएच के भीतर शीश महल... यहां भोलेनाथ के स्वरूप में गणपति

हर साल जय भोले ग्रुप कालीबाड़ी का गणेश पंडाल और स्थल सज्जा शहर में चर्चा का विषय रहता है। इस साल 27वें वर्ष भी ग्रुप के मेंबर्स ने इसे बरकरार रखने के लिए डेढ़ महीने पहले ही कोलकाता के 30 कारीगरों को जिम्मेदारी दे दी थी। विघ्नहर्ता के दरबार में किसी प्रकार की कमी न रह जाए, इसलिए उन्हें आयोजकों ने गणेशोत्सव पूर्ण होने तक बुक किया हुआ है। इस बार विक्रांत एनएच थीम पर तैयार किए गए भव्य पंडाल के भीतर आकर्षक शीश महल का स्वरूप भी दिया गया है। इसमें भगवान भोलेनाथ के स्वरूप में विघ्नहर्ता को स्थापित किया गया है। शीश महल को 24 फीट चौड़ा और 28 फीड़ लंबे एरिया में सजाया गया है। इसमें रंगीन लाइट की जगमगाहट भोलेबाबा के शीश महल में होने का एहसास कराता है। लाइटिंग व स्थल सज्जा से पंडाल में भव्य उत्सव जैसा माहौल भक्तों को देने का प्रयास किया गया है।

### रामलला का स्वरूप

आयोजकों ने आगे बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार गणेश उत्सव में 50 फीट लंबा और 50 फीट चौड़ाई में अयोध्या में रामलला के स्वरूप को प्रदर्शित का प्रयास किया गया है। लोगों की आस्था और लगाव को देखते हुए उत्सव स्थल को खास बनाने की कोशिश इस बार भी की गई है। दर्शन के लिए आने वाले लोगों की सुविधा और सहयोग के लिए हमने वॉलंटियर्स को जिम्मेदारी दी है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। एंट्री और एग्जिट पाइंट पर वॉलंटियर्स को व्यवस्था बनाने तैनात किया जाता है।

# मईया मोरी मैं नहीं माखन खायो... दिखा मां यशोदा का स्नेह

### कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी और कुचिपुड़ी नृत्यों में खोए दर्शक

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में शहीद मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव के तीसरे दिन भारतीय शास्त्रीय नृत्य स्पर्धा 'नृत्य तरंग' का बेहतरीन आयोजन किया गया। इसमें एक ओर कथक की प्रस्तुति 'मईया मोरी मैं नहीं माखन खायो...' में मां यशोदा का स्नेह दिखा तो वहीं दूसरी ओर भरतनाट्यम में श्रीकृष्ण के शांत भाव व सुंदरता का प्रभावी वर्णन प्रतिभागियों ने किया। कथक में राज राजेश्वरी मां अंबा की स्तुति प्रस्तुत कर अंजलि देवांगन ने खूब तालियां बटोरी। कथक जूनियर वर्ग में वेदिका अपराजिता और रसराज त्रिवट ने मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।






### पांच घंटे तक अपने स्थान पर जमे रहे दर्शक

महाराष्ट्र मंडल के सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित 'नृत्य तरंग' में राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आए मराठी और गैर मराठी कलाकारों की ओर से प्रस्तुत कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी और ओडिसी नृत्यों की मनोरम प्रस्तुतियों ने दर्शकों को लगातार पांच घंटे तक बांधे रखा। मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में हुई इस स्पर्धा में काफी संख्या में दर्शक पहुंचे। देर रात तक प्रतियोगिता चलती रही। सांस्कृतिक समिति की प्रमुख एवं 'नृत्य तरंग' की प्रभारी प्रिया बक्षी व सह प्रभारी गौरी क्षीरसागर ने बताया कि इस आयोजन में 48 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। नृत्य की सभी विधा में जूनियर सब जूनियर और सीनियर तीनों कैटेरगी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए गए।



## संस्कृत भाषा सम्मान पुरस्कार के लिए 20 तक आवेदन, दिए जाएंगे 2 लाख

**रायपुर।** राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ राज्य में संस्कृत भाषा के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति या संस्था को सम्मानित करने के लिए राजेश्री वैष्णव दास महंत महाराज संस्कृत भाषा सम्मान पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। इस पुरस्कार के अंतर्गत किसी एक संस्था या व्यक्ति को दो लाख रुपए एवं प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था अपना आवेदन पत्र स्वयं उपस्थित होकर बंद लिफाफे में अथवा डाक द्वारा 20 सितंबर शाम 4 बजे तक भेज सकते हैं। आवेदन कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। पुरस्कार से संबंधित नियम की प्रति कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है। विभाग के वेबसाइट पर भी डाउनलोड की जा सकती है।

### ओजोन परत संरक्षण के लिए पर्यावरण मंडल रखेगा पोस्टर प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा 16 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पोस्टर एवं इन्वायरोथॉन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम, 'मॉनट्रियल प्रोटोकॉल-एडवांसिंग क्लाईमेट एक्शन' रखी गई है। इस कार्यक्रम का आयोजन 16 सितंबर को रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे होगा।

### नया ट्रेंड : समय बचाने के लिए अब छोटी जगहों पर बना रहे जिम सेटअप

# घर में तैयार किए जा रहे मिनी जिम, विदेश से भी आ रहे उपकरण एक्सपर्ट की ले रहे मदद, लाख रुपए से लेकर करोड़ों की मशीन

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शरीर को तंदुरुस्त और स्वस्थ रखने के लिए रोजाना कसरत करना जरुरी है। प्रत्येक व्यक्ति को रोजाना 30-40 मिनट बेहतर स्वास्थ्य के लिए एक्सरसाइज करना जरुरी है। आजकल भागदौड़ वाले जीवन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों के पास भी समय की कमी है। ऐसे में रोजाना सुबह-शाम जिम जाकर वर्कआउट करना मुश्किल होता जा रहा है। बीते कुछ सालों से लोगों में फिटनेस का क्रेज बढ़ता जा रहा है। इसके लिए व्यक्ति जिम करना अधिक पसंद करते रहे हैं, लेकिन अब रोजाना बाहर जाने के स्थान पर घर के एक कोने में ही जिम तैयार किए जा रहे हैं। वर्कआउट करने का सबसे आसान तरीका लोग अपना रहे हैं। शहर के दुकान संचालकों के अनुसार, अब रायपुर में भी जिम सेटअप की डिमांड बढ़ती जा रही है। लोग अपने घरों में छोटे से स्थान के लिए जिम की मशीन खरीद रहे हैं।



### ट्रेडमिल पहली पसंद

दुकान संचालक अमित अहुजा ने बताया, वर्तमान में घर के लिए 1-5 लाख रुपए तक की जिम मशीन खरीदना आम बात हो गई है। इसमें लोगों की पसंद मल्टी जिम, ट्रेडमिल्स, साइकिलिंग बाइक, रोविंग मशीन और डंबल है। इसकी कीमत 10 हजार से शुरु होकर करोड़ों में होती है। यह कंपनी के अनुसार तय होती है। सामान्यतः लोग एक लाख से कम कीमती उपकरण ही खरीदते हैं। प्रायः लोग ट्रेडमिल लेना पसंद करते हैं, जिसे कम जगह पर रखा जा सकता है। जिम मशीन भारत के साथ विदेशों से भी मंगाई जाती है। खरीदार के डिमांड व बजट के अनुसार ऑर्डर दिया जाता है।



### घर में जिमिंग से पहले ट्रेनिंग

फिटनेस एक्सपर्ट डॉ.प्रेम ने बताया घर पर जिम शुरु करने से पहले किसी अनुभवी ट्रेनर से ट्रेनिंग की जानकारी लेना जरुरी है। जिससे व्यक्ति को सही-गलत के साथ अपने अनुसार जिम के उपकरण चयन करने की समझ निर्मित होती है। अक्सर लोग ऑनलाइन जिम की जानकारी एकत्र कर जिम में आते हैं। कम जानकारी होने के कारण वे सही तरीके से वर्कऑउट नहीं करते। जिसके चलते लोगों को बैक पेन की समस्या बन जाती है।

### ले रहे जिम के सेशन

एक अन्य जिम ट्रेनर काजल सिंग ने बताया, अक्सर लोग ऑनलाइन देखकर जिम करने की सोचते हैं। जिसके बाद उन्हें शरीर में चोट लग जाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में कई सही-गलत जानकारी मौजूद होती है, जिसे सच मानकर शरीर को चोट पहुंचाया जा रहा है। इससे बचने के लिए पहले 2-6 महीना जिम ट्रेनर के साथ ट्रेनिंग लें। इससे लोगों को सभी उपकरणों की बेहतर जानकारी हो जाती है, जिसके बाद जरुरत के अनुसार घर पर मिनी जिम तैयार कराया जा सकता है। कई ऐसे हैं, जो जिम सेटअप के लिए एक्सपर्ट्स से टिप्स लेने के साथ ही जिम के कई सेशन भी ले रहे हैं।



## सिटी स्पोर्ट्स

### विश्व म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने बस्तर का युवराज बैंकाक रवाना

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय आलोम्पिक संघ से



मान्यता प्राप्त म्यू थाई खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था आईएफएमए की भारत में मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यु थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में भारतीय म्यू थाई दल बैंकाक (थाईलैण्ड) में 12 से 19 सितम्बर तक पैरागांन हॉल, सियाम पैरागान, बैंकाक में विश्व म्यू थाई चैंपियनशिप आयोजित है। जिसमें जगदलपुर (बस्तर) से युवराज सिंह अपने पिता राजेंद्र सिंह राजपूत के साथ कलकत्ता रवाना हुए। जहाँ वे दोनों 11 सितम्बर की शाम को भारतीय म्यू थाई टीम के साथ कलकत्ता एयरपोर्ट से बैंकाक (थाईलैण्ड) के लिए रवाना होंगे। छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन कुमार साहू एवँ महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि बस्तर अंचल से गत सात वर्षो से अपने वजन वर्ग में म्यू थाई राष्ट्रीय चैंपियन, जगदलपुर निवासी 15 वर्षीय युवराज सिंह राजपूत विश्व म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवराज छत्तीसगढ़ राज्य से एकमात्र चयनित खिलाड़ी है जो इस विश्व म्यू थाई चैंपियनशिप में भाग लेंगे। युवराज के पिता राजेंद्र सिंह राजपूत भी अपने पुत्र के साथ भारतीय म्युथाई दल के साथ पालक के रूप में बैंकाक थाइलैंड जा रहे हैं। चूंकि युवराज नाबालिग है अतः नियमानुसार युवराज को पिता के संरक्षण में ही अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा खेलने जाने की विदेश जाने की अनुमति दी गई है। युवराज ने गत वर्ष 09 से 21 अगस्त 2022 को मलेशिया में आयोजित वर्ल्ड यूथ म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीता था। 25 सदस्यीय भारतीय म्युथाई दल में 17 खिलाड़ी 01 कोच 01 मैनेजर 04 रेफरी, अध्यक्ष, सचिव फेडरेशन तथा टीम ऑफिसियल शामिल हैं भारतीय म्युथाई दल फेडरेशन के महासचिव श्रीराम चौधरी और अध्यक्ष प्रसेनजित सिंघा के नेतृव में बैंकाक (थाईलैण्ड) जा रहा है।

### बैडमिंटन में गुजरात से विजेता ट्रॉफी लेकर लौटे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**रायपुर।** योनेक्स सनराइज वेस्ट जोन इंटर स्टेट बैडमिंटन चैम्पियनशिप आणंद गुजरात आयोजित की गई। जिसमें टीम इवेंट एवं व्यक्तिगत में रायपुर की टीम विजेता रही। जीत की खुशियों के साथ रायपुर की टीम ट्रॉफी लेकर पहुंची। यहां रायपुर रेलवे स्टेशन में टीम का भव्य स्वागत किया गया।

### छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का शानदार प्रदर्शन, भुटे ने लिए 6 विकेट

**रायपुर।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन



द्वारा अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 15 अगस्त से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का फाइनल (08 से 11 सिंतबर) नाथम, तमिलनाडु में हैदराबाद के विरुद्ध खेला जा रहा है। तीसरे दिन हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 118.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 417 रन बनाये। हैदराबाद की ओर से रोहित रायुंडु ने 155 रन तथा अभिरथ ने 85 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से जिवेश भुटे, गगनदीप सिंह, वासुदेव बरेथ तथा शशांक तिवारी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ अपनी पहली पारी में 70.2 ओवरों में 181 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ की ओर से गगनदीप सिंह ने 59 रन तथा आयुश पांडे ने 36 रन बनाये। वहीं हैदराबाद की ओर से अनिकेत ने 4 विकेट, तनय तथा रोहित ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक हैदराबाद ने अपनी दूसरी पारी में 70.2 ओवरो में सभी 10 विकेट खोकर 281 रन बनाये। हैदराबाद की ओर से राहुल सिंह ने 68 रन तथा राहुल रादेश ने 41 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ की ओर से जिवेश भुटे ने 6 विकेट तथा शशांक तिवारी ने 2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक हैदराबाद ने 517 रनों की बढ़त बना ली है।

चाहते हैं स्वस्थ रहें बच्चे, बेहतर तरीके से हो विकास, तो जान लीजिए ये जरूरी बातें

# अपने बच्चे की सेहत के लिए रहें हमेशा सतर्क नियमों का पालन कर रखें हमेशा तंदुरुस्त

स्वस्थ बचपन को बेहतर भविष्य का आधार माना जाता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ बच्चों के आहार पर विशेष ध्यान देते रहने की सलाह देते हैं। नवजात को मां के दूध और दो साल से अधिक उम्र के बच्चों को नियमित रूप से आहार का माध्यम से तमाम प्रकार के विटामिन्स-मिनरल्स और अन्य पोषक तत्वों की जरूरत होती है। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ बच्चों के विकास के साथ भविष्य में उन्हें कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने में मददगार हो सकते हैं। बच्चों के लिए पोषण वयस्कों के पोषण के समान जरूरी है। नियमित रूप से आहार के माध्यम से विटामिन्स, खनिज, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा का सेवन उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी माना जाता है। अमेरिका में नवीनतम आहार दिशानिर्देशों के अनुसार बच्चों को पौष्टिक चीजें तो खिलानी ही चाहिए साथ ही चीनी, संतृप्त वसा या नमक वाली चीजें कम से कम दें।

हमारे दैनिक जीवन में पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सितंबर महीने को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। आइए पोषण विशेषज्ञ से समझते हैं कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए क्या चीजें जरूरी हैं।



### मस्तिष्क और पाचन कैसे रखें ठीक

बच्चों के मस्तिष्क के विकास के लिए ओमेगा-3 बहुत जरूरी है। ओमेगा-3 फैटी एसिड के लिए मछलियों और नट्स को आहार में शामिल करें। यह बच्चों के मस्तिष्क को स्वस्थ रखने, सीखने और याददाश्त को बेहतर बनाने में मदद करता है। मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका तंत्र की बीमारियों के खतरे से बचाने के लिए भी ये जरूर है। इसी तरह आयरन वाली चीजें बच्चों के रक्त में हीमोग्लोबिन के निर्माण में मदद करती हैं, इससे एनीमिया का खतरा कम होता है।

### ऐसा होना चाहिए आहार

पोषण विशेषज्ञ पारुल शर्मा एक पोस्ट में लिखती हैं, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने की शुरुआत बचपन से ही हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि रोजाना आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल जरूर शामिल हों। रंग-बिरंगी सब्जियां, साबुत अनाज जैसे कि गेहूं की रोटी, दलिया, पॉपकॉर्न, क्विनोआ को आहार का हिस्सा बनाएं। रोजाना दूध और दही बच्चों को जरूर दें।




### ये पोषक तत्व बहुत जरूरी

बच्चों के शरीर में ऊतकों के निर्माण और मरम्मत के लिए प्रोटीन आवश्यक होता है। यह मांसपेशियों, त्वचा, बाल, और नाखूनों के विकास में मदद करता है। इसके लिए दालें, दूध, दही, अंडे, मांस, मछली और नट्स का जरूर सेवन किया जाना चाहिए।
प्रोटीन की ही तरह कैल्शियम वाली चीजें भी अच्छी सेहत के लिए जरूरी मानी जाती हैं। कैल्शियम हड्डियों और दांतों की मजबूती के लिए जरूरी होता है। यह बच्चों के शारीरिक विकास और लंबाई बढ़ने में भी सहायता करता है।

### हड्डियों की मजबूती कैसे बढ़ाएं

कैल्शियम हड्डियों और दांतों की मजबूती के लिए जरूरी होता है। शरीर में कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद के लिए विटामिन-डी वाली चीजें भी जरूरी हैं। विटामिन-डी की कमी से बच्चों में रिकेट्स हो सकता है। रोजाना धूप में कुछ समय बिताने के साथ मछली, अंडे और नट्स बच्चों को जरूर दें।



## मोटापा कम करने के लिए रोज टहलें या दौड़ें?

वजन कम करने के लिए सुबह के वक्त दौड़ना या पैदल टहलना दोनों ही लाभकारी हो सकता है। रनिंग और वॉकिंग दोनों शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। लेकिन सवाल है कि वजन घटाने के लिए रनिंग और वॉकिंग में ज्यादा फायदेमंद क्या है। शरीर को फिट और सेहतमंद रखने के लिए रोजाना सुबह पैदल टहलने या रनिंग की सलाह दी जाती है। कई लोग वॉक पर जाते हैं, तो कुछ रनिंग करते नजर आ जाते हैं। हालांकि कई लोग इस बात को लेकर असमंजस में रहते हैं कि वॉक करने से ज्यादा जल्दी वजन कम होता है या दौड़ लगाने से जल्दी मोटापा घटता है। अगर आप भी वजन घटाना चाहते हैं लेकिन कंफ्यूज हैं कि सुबह वॉक पर जाएं या रनिंग पर तो दोनों के अंतर और उनके फायदे व नुकसान के बारे में जान लें।

### वजन घटाने के लिए क्या करें?



वजन कम करने के लिए सुबह के वक्त दौड़ना या पैदल टहलना दोनों ही लाभकारी हो सकता है। रनिंग और वॉकिंग दोनों शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। लेकिन सवाल है कि वजन घटाने के लिए रनिंग और वॉकिंग में ज्यादा फायदेमंद क्या है।




## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# जेनिफर की 'अनस्टॉपेबल' का प्रीमियर, बेन ने की है प्रोड्यूस



जेनिफर लोपेज की नई फिल्म अनस्टॉपेबल का हाल ही में, टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ। इसका निर्माण बेन एफ्लेक ने किया है, जिनसे जेनिफर ने तलाक की अर्जी दाखिल कर रखी है। फिल्म के निर्देशक ने दोनों को लेकर अपनी राय साझा की है। जेनिफर लोपेज अपनी नई फिल्म अनस्टॉपेबल को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में, अनस्टॉपेबल का टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ। इस फिल्म का निर्देशन विलियम गोल्डनबर्ग ने किया है और बेन एफ्लेक इसके सह-निर्माता हैं। जेनिफर अपने तलाक की वजह से भी कई दिनों से चर्चा में हैं। अनस्टॉपेबल के निर्देशक ने फिल्म के साथ-साथ जेनिफर और बेन से अपने रिश्ते को लेकर कुछ बातें साझा की है। विलियम गोल्डनबर्ग ने बताया वो जेनिफर और बेन में से बेन को ज्यादा अच्छे से जानते हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि वो दोनों को चाहते हैं और अनस्टॉपेबल में जेनिफर के साथ काम करना सपने की तरह था। बता दें कि विलियम अनस्टॉपेबल से डेब्यू कर रहे हैं। वहीं, जेनिफर लोपेज ने एलए काउंटी सुपीरियर कोर्ट में 20 अगस्त, 2024 को बेन एफ्लेक से तलाक की अर्जी दाखिल की थी।

विलियम ने वैराइटी से हुई अपनी बातचीत में कहा कि अनस्टॉपेबल के सेट पर किसी तरह का अटपटा माहौल नहीं था। उन्होंने कहा कि जेनिफर और बेन की अपनी निजी जिंदगी और निजी बात है और हर कोई पेशेवर है। इससे सेट पर कोई अजीबोगरीब स्थिति नहीं बनी थी।

बेन ने ही इस फिल्म में जेनिफर को मुख्य भूमिका के लिए चुना था। बेन और विलियम कई बार साथ में काम कर चुके हैं।

### टॉलीवुड

# 'कुबेर' का नया पोस्टर जारी, धांसू लुक में दिखे धनुष और नागार्जुन



साउथ सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों 'कुबेर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित 'कुबेर' कॉलीवुड निर्देशक धनुष और सुपरस्टार नागार्जुन के बीच पहला सहयोग है। फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य नायिका की भूमिका में हैं। वहीं अब फिल्म के निर्माताओं ने आज गणपति स्थापना के खास मौके पर प्रशंसकों को खास तोहफा दिया है। उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। गणपति स्थापना के शुभ अवसर पर 'कुबेर' के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर लॉन्च किया है और इसमें धनुष और नागार्जुन को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है। पोस्टर लॉन्च करते हुए निर्माताओं ने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'शेखर कम्मुला, कुबेर टीम की ओर से सभी को विनायक चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं। बेहतरीन पावरहाउस जोड़ी धनुष सर की जबर्दस्त ऊर्जा और राजा नागार्जुन की शानदार मौजूदगी को देखने के लिए तैयार हो जाइए।

### छॉलीवुड

# ''मानव मार्केट'' बताएगी ''स्वास्थ्य सेवा है व्यापार'' का मर्म




रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने हिंदी फीचर फिल्म ''मानव मार्केट'' का पोस्टर अपने निवास पर लॉंच किया। बृजमोहन अग्रवाल ने भिलाई टाकीज पिक्चर्स की पूरी टीम को इस मौक़े पर बधाई दी और साथ ही फिल्म की कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सांसद महोदय जी के साथ उनके अनुज कलाकार योगेश अग्रवाल भी मौजूद रहे, जिन्होने इस फिल्म में एक अहम किरदार निभाया है। स्वास्थ्य सेवा है व्यापार नही इसी विचार को जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, जनता की बात को ज़िम्मेदार लोगों तक पहुंचाने के प्रयास का नाम हिंदी फीचर फिल्म ''मानव मार्केट'' है। फिल्म भिलाई टाकीज पिक्चर्स, निम्स फिल्म प्रोडक्शन और वान्या फिल्म्स प्रोडक्शन के संयुक्त बैनर तले बनी है। जिसमें ओम त्रिपाठी, नेहा शुक्ला, बाली कुर्रे, योगेश अग्रवाल, विनायक अग्रवाल, सुमित्रा साहू, सुरेश गोंडाले, धर्मेंद्र अहिरवार, प्रिया शर्मा, देवेंद्र मोयल, डाली साहू, अनुप राय, हनी शर्मा, मनोज शर्मा, मुस्कान, शहाना परवीन, हर्षा सहारे, आरूशी पॉल, स्वपनिल गुजलवार, अंजली साहू और गुलाम हैदर मंसूरी ने मुख्य भूमिकाएं निभाई है। निर्माता के. सी. अग्रवाल, निम्मी सवाने और गुलाम हैदर मंसूरी हैं। कथा, पटकथा, संवाद एवं निर्देशन गुलाम हैदर मंसूरी का है। प्रोडक्शन मैनेजर मनीष तिवारी, डी. ओ. पी. राजकुमार बघेल और मो. फिरोज कुरैशी, (पैच-वर्क डी.ओ.पी.) जीतू का, संगीत-प्रदीप साठे,अनुग्रह गाईडन, गीत-गुलाम हैदर मंसूरी, भारत द्विवेदी, राहुल मंत्रा अनुग्रह गाईडन, गायक - मयंक शुक्ला, राहुल मंत्रा, इरफान जिंदरान और जोएब अहमद हैं। वहीं मेकअप-विलास राउत, राजेश सिंह,हेयर- रजिया परवीन,कॉस्ट्युम्स-जया जैन, सुरूचि ठाकुर, जयंत कुमार, एडिटिंग और डी.आई-सतीश देवांगन,चीफ असिस्टेंट डायरेक्टर- सुहान ख़ां, असोसियेट डायरेक्टर एंड एक्ज़क्यिुटिव प्रोड्यूसर-शहाना परवीन, असिस्टेंट डायरेक्टर अमित चंद्रिकापुरे, श्वेता यादव, रवींद्र जगबंधु, प्रगति तिवारी और कुम कुम जैन शामिल हैं।

-

## हैती का फैशन

फैशन के बारे में सोचते समय अक्सर पेरिस, लंदन और न्यूयॉर्क जैसी जगहें और ₹कॉउचर₹ या ₹ग्लैमर₹ जैसे फैंसी शब्द दिमाग में आते हैं। इसलिए फैशन के दीवानों के लिए यह जानना दिलचस्प होगा कि दुनिया के सबसे गरीब देश के रूप में बदनाम किए जाने के बावजूद हैती में एक बढ़ता हुआ फैशन उद्योग मौजूद है। यहां के फैशन में सुंदर कलाकृति, रंगीन परिवेश और रचनात्मकता पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध करती है।



लाइफ स्टाइल

# टमाटर के छिलके के इस्तेमाल से चमकेगा चेहरा, हर कोई पूछेगा खूबसूरती का राज



आज के समय में चेहरे का ध्यान रखना काफी जरूरी हो जाता है। अगर त्वचा का ध्यान सही से न रखा जाए तो प्रदूषण की वजह से कई परेशानियां जन्म ले लेती हैं। ऐसे में लोग इन परेशानियों से बचने के लिए तमाम स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं। ये स्किन केयर ट्रीटमेंट काफी महंगे आते हैं, ऐसे में हर कोई ये ट्रीटमेंट नहीं करा सकता। इसी के चलते आज के इस लेख में हम आपको एक ऐसा घरेलू नुस्खा बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आप चेहरे को चमका सकते है। दरअसल, हम यहां आपको टमाटर के छिलके चेहरे पर इस्तेमाल करना बताएंगे। टमाटर के छिलके का उपयोग चेहरे पर करने से त्वचा को कई तरह के फायदे मिलते हैं। टमाटर में पाए जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट्स, विटामिन सी, और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। तो चलिए पहले इसका फायदा जानते हैं और फिर इस्तेमाल का तरीका।

**इसके फायदे-** अगर आप नियमित रूप से टमाटर के छिलके का इस्तेमाल चेहरे पर करेंगे तो चेहरे की चमक कई गुना बढ़ जाएगी। टमाटर चेहरे के अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करता है। इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण मुहांसों को कम करने में मदद करते हैं। इसके साथ-साथ टमाटर में मौजूद प्राकृतिक एसिड त्वचा की रंगत निखारने में सहायक होते हैं। इसी के चलते आइए आपको टमाटर का छिलका इस्तेमाल करने का सही तरीका बताते हैं।

**सीधे चेहरे पर लगाएं-** अगर आपके पास ज्यादा समय नहीं है तो आप टमाटर के छिलके को सीधे चेहरे पर लगाएं। इसके लिए एक ताज टमाटर लें और इसे अच्छे से धो लें। इसे बीच से काट लें और इसके छिलके को धीरे से निकाल लें। अब टमाटर के छिलके के अंदर वाले हिस्से को चेहरे पर रगड़ें। 10 मिनट के लिए चेहरे पर मसाज करने के बाद फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें और मॉइस्चराइजर लगाएं। इसका असर आपको कुछ ही दिनों में दिखने लगेगा।

**बनाएं फेस पैक-** टमाटर के छिलकों का फेसपैक बनाने के लिए सबसे पहले टमाटर के छिलके को पीसकर या मसलकर पेस्ट बना लें। अब इसमें थोड़ा सा दही या शहद मिलाएं। इसके बाद इस पेस्ट को अच्छी तरह से चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट के बाद चेहरा धो लें।

# गणपति उत्सव में इस बार जानें नौवारी साड़ी पहनने का सही तरीका






इस साल 7 सितंबर से गणेश उत्सव की शुरूआत हो चुकी है। इस उत्सव का इंतजार लोग सालभर करते हैं। हर साल गणेश चतुर्थी यानी कि बप्पा के जन्मदिन के दिन से गणेश उत्सव का आरंभ होता है, जोकि पूरे दस दिन तक चलता है। गणेश उत्सव में लोग अपने-अपने घरों, कॉलोनियों में बप्पा की स्थापना करते हैं और खुशियां मनाते हैं। वैसे तो इन दस दिनों में गणपति उत्सव की धूम पूरे देश में देखते बनती है, लेकिन बप्पा के स्वागत का सबसे ज्यादा उत्साह महाराष्ट्र में देखा जाता है।



महाराष्ट्र में महिलाएं खूब सज-संवर के गणपति बप्पा का स्वागत करती हैं। इस दौरान वो पारंपरिक नौवारी साड़ी पहनती हैं, जिसका लुक काफी खूबसूरत लगता है। अगर आप भी इस बार बप्पा के स्वागत में नौवारी साड़ी पहनने का विचार कर रहीं हैं तो आपको आसान तरीके से नौवारी साड़ी पहनने का तरीका जानना चाहिए। ताकि आप भी आपना मराठी लुक दिखा सकें।

**ये है तरीका :** नौवारी साड़ी पहनने से लुक काफी खूबसूरत दिखता है। अगर आप पहली बार ये पहन रहीं हैं तो चाहें तो पैरों में लेगिंग टाइप का भी कुछ पहन सकती हैं। अब साड़ी को पहनने की शुरूआत करें।

नौवारी साड़ी पहनने के लिए सबसे पहले साड़ी को दो भागों में बांट लें। अब सीधे हाथ की तरफ साड़ी का एक तिहाई हिस्सा रखें और बाकी हिस्से को उल्टे हाथ की तरफ रहनें दें। इसके बाद फिर धोती की तरह साड़ी के दोनों कोनों को पकड़कर कमर पर कस के गांठ बांध लें। ये गांठ टाइट होनी चाहिए।

इसे बांधने के बाद फिर उल्टी साइड से साड़ी को पकड़ें और इसकी प्लीट्स बना लें। इन प्लेट्स को पैरों के बीच से ले जाएं और पीछे कमर में अटैच करें। इसे पिन से सही से अटैच करें, ताकि ये खुल न जाए। अब बची हुए साड़ी की दोबारा प्लीट्स बनाएं, जैसे नॉर्मल तरीके से बनाते हैं और फिर इसे राइट साइड के पैर से निकालकर आगे की ओर पल्लु बनाकर पिन से अटैच लें। ये पल्लु नॉर्मल साड़ी जैसा होगा।

# चेहरे की कई समस्यों को कम करता है घर पर बना फेस सीरम



चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए आजकल तमाम तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट बाजार में आते हैं, जो काफी बजट में भी होते हैं। इन्हीं प्रोडक्ट में फेस सीरम भी शामिल है। फेस सीरम ऐसा स्किन केयर प्रोडक्ट है जो तेजी से त्वचा में अवशोषित होने वाली सामग्री से तैयार किया जाता है, जिसका उद्देश्य त्वचा की गहराई तक पोषण और नमी प्रदान करना है। फेस सीरम त्वचा की कई परेशानियों को आसानी से खत्म कर देता है। इसके नियमित उपयोग से त्वचा का टेक्सचर बेहतर होता है, जिससे यह मुलायम और स्वस्थ दिखाई देती है। बावजूद इसके बहुत से लोग बाजार में मिलने वाले फेस सीरम को इस्तेमाल करने से डरते हैं।

**एलोवेरा और विटामिन ई सीरम-** पहला सीरम तैयार करने के लिए आपको एलोवेरा जेल और विटामिन E कैप्सूल की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक चम्मच एलोवेरा जेल लें और उसमें 1-2 विटामिन E कैप्सूल का तेल मिलाएं। अब इसे आप आराम से दिन में दो बार इस्तेमाल कर सकते हैं।

**गुलाब जल और ग्लिसरीन सीरम-** दूसरा फेस सीरम बनाने के लिए आपको गुलाब जल, ग्लिसरीन, नींबू का रस की जरूरत पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए एक चम्मच गुलाब जल, आधा चम्मच ग्लिसरीन और कुछ बूंदें नींबू के रस की मिलाकर एक सीरम तैयार करें। ये सीरम त्वचा को मुलायम बनाता है।

**ग्रीन टी और विटामिन सी सीरम-** तीसरा सीरम बनाने के लिए ग्रीन टी, विटामिन C पाउडर, एलोवेरा जेल की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए ठंडी ग्रीन टी में 1/2 चम्मच विटामिन C पाउडर और 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। ये त्वचा को टाइट करने में मदद करता है।

# लगातार हो रही बारिश से कमजोर हो गए नाखून तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

जब बारिश की शुरुआत होती है, तो हर कोई काफी खुश हो जाता है, क्योंकि इसी मौसम की वजह से घर से बाहर निकलने में आसानी रहती है। लोग इस मौसम में अपने प्रियजनों के साथ घूमने जाते हैं। पर, जब बारिश लगातार होने लगती है, तो ये कई परेशानियां पैदा करने लगती है। इन परेशानियों में त्वचा और बाल संबंधी समस्याएं सबसे अहम हैं। ऐसे में बाल और त्वचा का ध्यान रखते-रखते हम अपने नाखूनों पर ध्यान देना भूल जाते हैं। जबकि बारिश की वजह से नाखून भी कमजोर होकर टूटने लगते हैं। अगर आपके नाखून भी लगातार हो रही बारिश की वजह से कमजोर हो गए हैं तो कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप इस परेशानी से छुटकारा दिला सकते हैं। यहां इस लेख में हम आपको नाखून मजबूत करने और इनका ध्यान रखने के लिए कुछ नुस्खे बताने जा रहे हैं।



### नारियल तेल से मालिश

अगर आपके नाखून कमजोर हो रहे हैं तो हर रोज रात को सोने से पहले नाखूनों पर गुनगुने नारियल तेल से हल्की मालिश करें। ये नाखूनों और उसके आसपास की त्वचा को पोषण देता है। इससे नाखून मजबूत होते हैं।

### नींबू और जैतून तेल

ये मिश्रण नाखूनों को मजबूती देता है और उन्हें चमकदार बनाता है। इसके इस्तेमाल के लिए 1 चम्मच जैतून तेल में कुछ बूंदें नींबू के रस की मिलाकर नाखूनों पर लगाएं।

### एप्पल साइडर विनेगर

नाखूनों की मजबूती बढ़ाने के लिए इसका इस्तेमाल आप कर सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

## खुशियां मनाने के लिए अगर आउटफिट भी बेहतर हो तो लोग करेंगे तारीफ

*भारत देश में हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश चतुर्थी का त्योहार मनाया जाता है। मान्यता है कि गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश ने धरती पर जन्म लिया था। हिंदू धर्म में हर शुभ कार्य से पहले भगवान गणेश को पूजा जाता है। इसी वजह से उनके जन्मदिन को हम सभी एक उत्सव की तरह मनाते हैं। गणेश चतुर्थी के दिन से 10 दिन चलने वाले गणपति उत्सव की शुरुआत होती है। इन दस दिनों में लोग अपने घर, दफ्तर और कॉलोनियों में बप्पा की स्थापना करते हैं। गणपति उत्सव के दौरान हर कोई नए-नए कपड़े पहनता है और खुशियां मनाता है। अगर आप बप्पा के स्वागत में अपना पारंपरिक अंदाज दिखाना चाहते हैं तो इन अभिनेताओं के लुक्स से टिप्स लेकर तैयार हों। यहां हम आपको तीन ऐसे अभिनेताओं के लुक दिखाने जा रहे हैं, जो अक्सर एथनिक अवतार में नजर आते हैं।*

# गणपति उत्सव में दिखाना है पारंपरिक अंदाज तो इन अभिनेताओं के लुक्स से लें टिप्स



### रितेश देशमुख का पहला लुक

हिंदू धर्म में पूजा के वक्त धोती-कुर्ता पहनने का रिवाज होता है। ऐसे में आप रितेश के इस लुक से टिप्स लेकर अपने लिए इस तरह का धोती-कुर्ता तैयार करा सकते हैं। ये आपको स्टाइलिश दिखने के साथ पारंपरिक लुक भी देगा।

**दूसरा लुक:** इस तरह का ऑरेंज रंग का वर्क वाला कुर्ता भी आप गणपति उत्सव में कैरी कर सकते हैं। इस कुर्ता लुक में चार चांद लगाने के लिए सफेद रंग की पायजामी पहनें, तभी इसका रंग खिल कर सामने आएगा।

**ऋत्विक धनजानी का पहला लुक:** ऋत्विक धनजानी हर साल अपने घर पर बप्पा की स्थापना करते हैं। ऐसे में आप उनके इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। पूजा के वक्त ऐसा आउटफिट आपको पारंपरिक टच देने का काम करेगा। इसके साथ चाहें तो ढीला पायजामा पहनें ताकि आपको कोई परेशानी न हो।

**दूसरा लुक:** नीले रंग का ऐसा मिरर वर्क वाला कुर्ता आपको स्टाइलिश लुक देने का काम करेगा। ऐसे में अगर आप कुछ सिंपल लुक कैरी करना चाहते हैं तो ऋत्विक धनजानी के इस लुक से टिप्स लें और अपना स्टाइलिश अंदाज दिखाएं।

**करण वाही का पहला लुक :** अगर चाहें तो करण वाही के इस कुर्ता लुक से टिप्स लेकर आप अपना आउटफिट तैयार करा सकते हैं। लाल रंग वैसे भी पूजा में पहनना काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में आप इस तरह का कुर्ता और पायजामा भी गणपति उत्सव में पहन सकते हैं।

**दूसरा लुक:** सफेद रंग के कुर्ते और चूड़ीदार पायजामी के साथ अगर आप इस तरह की हाफ जैकेट पहनेंगे तो भी आपका लुक काफी स्टाइलिश दिखेगा। इस लुक के साथ पैरों में मोजरी ही पहनें।

